विचार

दूसरों को बदलने की कोशिश मत करो; बस खुद को बदलो, और जीवन बदल जाएगा।

ओशो

दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र

D Edition

Reg.No.RJ26D00120077

# भारत टाइम्स

www.bharattimenews.com

सत्यमेव परं श्रुतम्

Bharattimesnews01@gmail.com





पेज 4

वर्ष- 2 | अंक-307 | दिल्ली, सोमवार 16 दिसम्बर 2024 | पेज-8 | ई-पेपर नई दिल्ली से प्रसारित





# ठंड ने यूपी में तोड़ा बीस साल का रिकॉर्ड,

## किसान की मौत, तापमान 3 डिग्री पहुंचा

**बर्फबारी ने बढ़ी ठंड, जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में पारा माइनस में**

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के राज्यों में तेज ठंड का दौर जारी है। यूपी में 20 साल बाद दिसंबर के दूसरे सप्ताह में कोल्डवेव चल रही है। यहां तीसरे या चौथे हफ्ते तक शीतलहर चलती है। तेज ठंड के कारण शनिवार को चित्रकूट के एक किसान की मौत हो गई। यूपी में सबसे ज्यादा ठंड अयोध्या में पड़ रही है। यहां तापमान 3 डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं मध्य प्रदेश में सबसे कम तापमान शहडोल में 1.5 डिग्री दर्ज किया गया। राजधानी भोपाल में भी रात का पारा 4 डिग्री से नीचे पहुंच गया। मौसम विभाग ने कहा कि दिसंबर में 10 साल में दूसरी बार इतना कम पारा दर्ज किया गया है। राजस्थान में 11 शहरों में सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया है। मध्यप्रदेश और राजस्थान के कुल 15 शहरों में शनिवार को तापमान 4 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि इन राज्यों में 2-3 दिन तक ठंड का दौर जारी रहेगा। रविवार को बिहार-हरियाणा समेत 14 राज्यों में कोल्डवेव का अलर्ट जारी किया गया है। पंजाब और मध्यप्रदेश में सीवियर कोल्डवेव की चेतावनी दी गई है। जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में तापमान माइनस में चल रहा है। मौसम विभाग ने बताया कि बर्फबारी के कारण यहां न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। जोजिला में तापमान माइनस 22 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, श्रीनगर में माइनस 3.4 डिग्री, पहलगाम में माइनस 4.0, गुलमर्ग में माइनस 3.8 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को तमिलनाडु, पुडुचेरी में 7 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश होगी। इन राज्यों में बिजली गिरने का भी अनुमान लगाया गया है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, राजस्थान और मध्य प्रदेश में घना कोहरा छाया रहेगा। पश्चिम बंगाल के तटों के आसपास 55 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। वहीं 17 दिसंबर को तमिलनाडु, पुडुचेरी में 12 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश होगी कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में 7 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश हो सकती है। हरियाणा और यूपी में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में विजिबिलिटी भी घट सकती है। राजस्थान में कोल्डवेव का अलर्ट है। यहां कई शहरों में तापमान पांच डिग्री के नीचे रहने की उम्मीद है। 18 दिसंबर की बात करें तो तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश के अलावा केरल में बिजली गिरने के साथ बारिश के आसार हैं। राजस्थान के कुछ इलाकों में शीतलहर चलेगी। तापमान में बढ़ोतरी की उम्मीद नहीं है। नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में भी ठंड बढ़ सकती है। यहां तापमान में गिरावट आ सकती है।

## न्यूज. ब्रीफ

### आतंक फैलाने के लिए किया था बस पर हमला, एनआईए ने किया आरोप-पत्र दाखिल

**जम्मू।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शिवखोड़ी, रनसू से जम्मू-कश्मीर के कटड़ा जा रही तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकवादी हमले से संबंधित मामले में एक आरोपी के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया है। यह हमला 9 जून, 2024 को हुआ था, जब अज्ञात आतंकवादियों ने झंडी मोड़ के पास बस पर अंधाधुंध गोलीबारी की थी। इस हमले में 8 तीर्थयात्रियों और बस चालक की मौत हो गई थी और 41 तीर्थयात्री गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस हमले का उद्देश्य आम जनता और तीर्थयात्रा के लिए जम्मू-कश्मीर आने वाले लोगों में आतंक फैलाना था। बस चालक के सिर पर गोली लगने से वह नियंत्रण खो बैठा था। इसके बाद बस खाई में गिर गई थी। एनआईए की जांच में पता चला है कि आरोपी हाकम ने हमले के पीछे की साजिश का हिस्सा होने की बात कबूल की थी, उसके सक्रिय रसद समर्थन के साथ 3 आतंकवादियों ने घटना को अंजाम दिया था।

### 8 इंटरनेशनल ड्रग तस्कर गिरफ्तार

अमृतसर। अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने एक सफल सीक्रेट ऑपरेशन चला कर यूके स्थित हैंडलर धर्मा संधू से जुड़े 8 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इस ऑपरेशन में पुलिस ने भारी मात्रा में हेरोइन, हथियार और ड्रग मनी को भी जब्त किया है। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज की जानकारियां हासिल कर रही है। डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने जानकारी दी कि इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने 4.5 किलोग्राम हेरोइन, 2 ग्लॉक पिस्तौल (9एमएम), 2 पिस्तौल (30 बोर), 1 पिस्तौल (32 बोर), 1 जिगाना पिस्तौल (30 बोर), 16 जिंदा कारतूस और 1.5 लाख की ड्रग्स से जुड़ी नकदी बरामद की गई है। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर थाने घरिंडा में दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि इस ऑपरेशन के तहत न केवल ड्रग्स और हथियारों की तस्करी पर बड़ा प्रहार किया गया है, बल्कि इनकी आपूर्ति से जुड़े पिछले और संभावित नेटवर्क का भी पता लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### शंकरसिंह वाघेला ने गुजरात में शराबबंदी पर उठाए सवाल, कहा- गांव गांव मिलती ही ''पोटली''

बनासकांठा (ईएमएस) गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और नवगठित प्रजाशक्ति डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के चीफ शंकरसिंह वाघेला ने राज्य में शराबबंदी को लेकर सवाल उठाये हैं उन्होंने कहा कि जब राज्य के गांव गांव शराब के पाउच (पोटली) मिलती है तो राज्य में शराबबंदी का क्या फायदा? बेहतर होगा कि शराबबंदी हटा दी जाऐ बनासकांठा के पालनपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के बाद वाघेला ने कहा कि गुजरात से शराबबंदी पूरी तरह खत्म कर देनी चाहिऐ क्योंकि जब गुजरात के गांव गांव में शराब की पोटली मिलती हो तो शराबबंदी का क्या फायदा? उन्होंने कहा कि राजस्थान और महाराष्ट्र समेत राज्यों में शराबबंदी नहीं है गुजरात के पड़ोसी राज्यों में खुलेआम शराब मिल रही है।

## संविधान को लेकर दिए पीएम मोदी के भाषण को विपक्ष में बताया बोरिंग



**प्रियंका ने कहा-नड्डा जी हाथ मल रहे थे तो शाह जी सिर छू रहे थे**

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में संविधान को लेकर अपने भाषण में कांग्रेस पर निशाना साधा था। वहीं कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी के भाषण को बोरिंग बताया। प्रियंका ने कहा कि पीएम ने कुछ भी नया या रचनात्मक नहीं कहा है। दशकों बाद मुझे अहसास हुआ कि मैं स्कूल के मैथ्स के डबल पीरियड में बैठी हूं। प्रियंका ने कहा कि बीजेपी नेता जेपी नड्डा हाथ मल रहे थे, पीएम ने उनको देखा तो वे ऐसी एक्टिंग करने लगे कि वे सुन रहे हैं, अमित शाह अपना सिर छू रहे थे। पीछे बैठे पीयूष गोयल ऐसे लग रहे थे कि वे सोने वाले हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि मुझे लगा कि पीएम कुछ नया बोलेंगे, लेकिन उन्होंने खोखले वादों के बारे में बात की। अगर उनमें भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस है, तो उन्हें कम से कम अडानी पर बहस करनी चाहिए। सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि पीएम मोदी का ये बहुत लंबा भाषण था। हमें 11 जुमलों की शपथ सुनने को मिली। वंशवाद की राजनीति की आलोचना करने वालों की पार्टी में वंशवाद की भरमार है। सच्चाई यह है कि एससी/एसटी, ओबीसी और दलितों का आरक्षण खत्म कर दिया गया है। जल्द ही एक दिन आएगा जब जाति जनगणना होगी और लोगों को उनकी आबादी के हिसाब से उनके अधिकार और सम्मान मिलने लगेंगे। वहीं कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पीएम मोदी के भाषण में कोई दम नहीं था। ये कांग्रेस के खिलाफ सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप था। कल और आज हमने उजागर किया कि उनकी एनडीए सरकार अब अडानी के लिए चल रही है। वे संविधान की बात करते हैं लेकिन इसका इस्तेमाल एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है, एकाधिकार बना रहे हैं। जब हम संसद में संविधान पर चर्चा करते हैं, तो वे इसका कोई सम्मान नहीं करते। कांग्रेस सांसद मल्लू रवि ने कहा कि भाषण के दौरान पीएम मोदी सिर्फ गांधी परिवार को लेकर अड़े रहे। वे जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी की आलोचना करते रहते हैं। उनका ध्यान केवल गांधी परिवार पर है, जिसने इस देश को स्वतंत्रता और संविधान दिलाया। हम इससे परेशान हैं। वहीं कांग्रेस सांसद प्रणीति शिंदे ने कहा कि पीएम मोदी का भाषण सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप का था। ऐसा भाषण पीएम के लिए उचित नहीं है। मैं हैरान हूं कि उन्होंने एक बार भी धर्मनिरपेक्ष शब्द का इस्तेमाल नहीं किया। उन्हें याद रखना चाहिए कि वह संविधान के जरिए देश के पीएम बने हैं, जिसकी नींव कांग्रेस ने रखी थी।

## आप ने दिल्ली चुनाव के लिए सभी 70 प्रत्याशी घोषित किए

### केजरीवाल नई दिल्ली से तो सीएम आतिशी कालकाजी सीट से



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपनी चौथी और आखिरी लिस्ट रविवार 15 दिसंबर को जारी कर दी है। इस लिस्ट में 38 नाम शामिल किए गए हैं। इस सूची के अनुसार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली सीट से चुनाव लड़ेंगे, जबकि सीएम आतिशी कालकाजी सीट से चुनाव मैदान में उतरेंगी। सौरभ भारद्वाज ग्रेटर कैलाश और सत्येंद्र जैन शकूर बस्ती से चुनाव लड़ेंगे। आप ने दिल्ली चुनाव घोषित होने से बहुत पहले ही सभी 70 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही आप ने इस बार 26 मौजूदा विधायकों के टिकट काटे हैं, जबकि चार विधायकों की सीट बदली है। मनीष सिसोदिया की सीट पटपड़गंज से जंगपुरा, राखी बिडलान की मंगोलपुरी से मादीपुर, प्रवीण कुमार की जंगपुरा से जनकपुरी और दुर्गेश पाठक की करावल नगर से राजेंद्रनगर की गई है। यहां बताते चलें कि आम आदमी पार्टी ने 21 नवंबर से लेकर 15 दिसंबर तक चार सूची जारी कीं और सभी 70 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। राजेंद्रनगर सीट 2022 में राघव चड्ढा के राज्यसभा जाने के बाद से खाली थी। आप ने इस बार बदलाव और नए चेहरों पर जोर दिया है।

## कैनेडियन महिला ने पंजाबी गायक पर लगाए गंभीर आरोप, एनआरआई दर्ज

**जालंधर।** पंजाबी गायक राज जुझार के खिलाफ एक एनआरआई महिला ने मामला दर्ज कराया है। कैनेडियन सिटीजन महिला ने गायक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला की शिकायत पर गायक राज जुझार के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। महिला ने बताया कि राज जुझार से उसकी मुलाकात साल 2006 में हुई थी और जुझार ने उसे झांसे में लेकर फंसाया और लाखों रुपये ऐंठ लिए। महिला ने पंजाबी गायक पर और भी गंभीर आरोप लगाए हैं।


## टल गया वन नेशन वन इलेक्शन बिल

### अब लोकसभा के शीतकालीन सत्र में नहीं होगा पेश

**नई दिल्ली।** देश में वन नेशन, वन इलेक्शन की बीते कुछ दिनों से खूब चर्चा है। इससे जुड़े दो विधेयक सोमवार को लोकसभा में भी पेश किया जाने वाला था। अब बताया जा रहा है कि दोनों विधेयक सोमवार को लोकसभा में पेश नहीं किए जाएंगे। संशोधित कार्यसूची से बिल को हटा दिया या है। इससे पहले शुक्रवार को जारी की गई कार्यसूची में कहा गया था कि बिल को सोमवार को लोकसभा में रखा जाएगा। अभी कारण स्पष्ट नहीं कि सरकार ने सोमवार को बिल न लाने का फैसला क्यों किया और अब किस दिन लाया जाएगा। हालांकि, लोकसभा का शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। **सरकार ने बिल लाने में की देरी-** सरकार ने वन नेशन, वन इलेक्शन पर आधारित विधेयकों को लोकसभा में पेश करने में डिले कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, ये विधेयक वित्तीय व्यवसाय के पूरा होने के बाद सदन में लाए जा सकते हैं।

## नौकरी पाने के लिए नहीं, छोड़ने के लिए युवक ने काट लीं उंगलियां

**पहले पुलिस को किया गुमराह फिर सीसीटीवी फुटेज से सच्चाई सामने आई**



**सूरत।** देश हो दुनिया में कहीं भी युवक रोजगार पाने के लिए कितनी मशक्कत करते हैं घंटों लाइन में लगना, या फिर नौकरी की तलाश में दर-दर भटकते हैं फिर जाकर कहीं नौकरी मिलती है और अपना जीवन सुखी बनाते हैं लेकिन क्या आपने कभी सुना है है कि कोई नौकरी छोड़ने के लिए अपने को ही नुकसान पहुंचा ले लेकिन गुजरात के सूरत शहर में एक अजीबो गरीब वाक्या पेश आया है यहां एक युवक ने नौकरी छोड़ने के लिए अपने हाथ की चार उंगलियां ही काट लीं। पुलिस के मुताबिक 32 साल के मयूर तरापरा ने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि वह अपने रिश्तेदार की डायमंड कंपनी से कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी छोड़ना चाहता था, लेकिन नौकरी छोड़ना की बात कहने से वह डर रहा था। पुलिस ने बताया कि पहले मयूर ने यह कहकर गुमराह किया कि उसकी उंगलियां किसी और ने काट दी हैं, लेकिन जब सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी सबूत खंगाले गए तो पता चला कि मयूर ने खुद ही अपनी उंगलियों को काटा है। फिलहाल मयूर का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद मयूर ने पुलिस को बताया था कि 8 दिसंबर की रात जब वह बाइक से दोस्त के घर जा रहा था, तो रास्ते में अचानक चक्कर खाकर गिर गया। होश में आने पर उसने पाया कि उसकी चार उंगलियां कट गई हैं।

## रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में राष्ट्रपति पुलिस कलर अवॉर्ड- 2024 में शाह बोले

### 31 मार्च 2026 से पहले करेंगे नक्सलवाद का खात्मा

**जगदलपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रायपुर में राष्ट्रपति पुलिस कलर अवॉर्ड कार्यक्रम में कहा कि हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ को 31 मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त करेंगे। जैसे ही छत्तीसगढ़ नक्सल मुक्त होता है, देशभर में नक्सलवाद का खत्म हो जाएगा। शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस ने बहादुरी के साथ 1 साल में खत्म करने का संकल्प लिया है। शाह ने नक्सलियों से अपील की है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बहुत अच्छी सरेंडर पॉलिसी बनाई है। मुख्यधारा में आप शामिल हो जाइए। हथियार छोड़ दीजिए। विकास के रास्ते पर आ जाइए। शाह ने कहा कि सरकार बदलने के बाद से टॉप 14 नक्सली न्यूट्रलाइज हुए हैं। 4 दशकों में पहली बार नागरिकों और सुरक्षाबलों के मृत्यु के आंकड़े में कमी आई है। 10 साल में नक्सलवाद पर नकेल कसी गई। पुलिस ने 1 साल में छत्तीसगढ़ समेत सभी राज्यों से नक्सलवाद के खिलाफ ताबूत में अंतिम कील ठोकने की तैयारी की है। राष्ट्रपति पुलिस कलर फ्लैग पुलिस को सौंपा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में राष्ट्रपति पुलिस कलर अवॉर्ड- 2024 कार्यक्रम में पुलिस प्लाटून की सलामी ली।

**कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने लगाया गंभीर आरोप, कहा**

## गांधी परिवार ने मेरा करियर बर्बाद किया

### 10 साल में सोनिया-राहुल से एक बार मिला

**प्रणब मुखर्जी पीएम होते तो चुनाव नहीं हारते**

अय्यर ने बताया कि प्रणब मुखर्जी को उम्मीद थी कि उन्हें देश का प्रधानमंत्री और मनमोहन सिंह को राष्ट्रपति बनाया जाएगा। यदि मुखर्जी प्रधानमंत्री होते तो कांग्रेस 2014 के लोकसभा चुनाव में बुरी तरह नहीं हारती। उन्होंने कहा कि 2012 से ही कांग्रेस की स्थिति खराब थी। सोनिया गांधी बहुत बीमार पड़ गईं और मनमोहन सिंह को 6 बार बाईपास कराना पड़ा था, जिससे चुनाव में पार्टी अध्यक्ष और प्रधानमंत्री एक्टिव नहीं थे। ऐसी स्थिति प्रणब मुखर्जी बखूबी संभाल सकते थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पहली बार पूर्ण बहुमत हासिल किया था। इस चुनाव में भाजपा को 282 सीटों पर जीत मिली थी और कांग्रेस सिर्फ 44 सीटों पर सिमट गई थी।



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने खुलासा किया कि पिछले 10 साल में उन्हें सोनिया गांधी से सिर्फ एक बार मिलने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार ने ही मेरा पॉलिटिकल करियर बनाया है और बर्बाद भी किया है। लेकिन वह कभी भाजपा में शामिल नहीं होंगे। एक इंटरव्यू में अय्यर ने दो किस्से बताए- एक बार राहुल गांधी को शुभकामनाएं भिजवाने के लिए उन्हें प्रियंका गांधी को फोन करना पड़ा था। साथ ही एक बार उन्होंने सोनिया गांधी को मेरी क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं तो मैडम ने कहा कि मैं क्रिश्चियन नहीं हूं। मणिशंकर अय्यर ने अपनी किताब में बताया कि 2024 के चुनाव में उन्हें राहुल गांधी ने टिकट नहीं दी थी और राहुल ने कहा था- हरगिज मणिशंकर अय्यर को टिकट नहीं देंगे क्योंकि वो बहुत बुड्ढे हो गए हैं। अय्यर तमिलनाडु के मयिलादुथुराई से तीन बार लोकसभा चुनाव जीते चुके हैं और राज्यसभा सांसद भी रह चुके हैं।

## उमर अब्दुल्ला की कांग्रेस को नसीहत

### ईवीएम का रोना बंद कर चुनाव नतीजों को करें कुबूल

**श्रीनगर।** इंडिया ब्लॉक के एक महत्वपूर्ण सहयोगी ने कांग्रेस की लाइन से खुद को अलग कर लिया है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर कांग्रेस पार्टी की आपत्ति को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि जब उसी ईवीएम से आपके 100 से अधिक सांसद चुनकर आते हैं तो आप इसे अपनी पार्टी की जीत के रूप में सेलिब्रेट करते हैं, तो आप कुछ महीनों बाद पलट कर यह नहीं कह सकते कि हमें ईवीएम से वोटिंग पसंद नहीं है, क्योंकि अब चुनाव परिणाम वैसे नहीं आ रहे जैसा हम चाहते हैं। उमर अब्दुल्ला की यह टिप्पणी भाजपा की लाइन से मैच करती है। भाजपा भी कहती है कि विपक्षी दल जब जीतते हैं तो ईवीएम को ठीक मानते हैं और जब हारते हैं तो ईवीएम को दोषी ठहरा देते हैं। जब अब्दुल्ला से कहा गया कि उनकी यह टिप्पणी ऐसी मालूम पड़ रही है, जैसे भाजपा प्रवक्ता विपक्ष के आरोपों को डिफेंड कर रहा हो, तो उन्होंने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान न करे! नहीं, यह बस इतना ही है... जो सही है वह सही है।


Regd. 202045

भारतीय पत्रकार समिति

पत्रकारों के हक में - पत्रकारिता के हित में

तेजी से उभरता भारत का सबसे बड़ा पत्रकारों का संगठन

पत्रकारिता से जुडे व्यक्ति सदस्य बनने के लिए अपना बायोडाटा आईडी कार्ड सहित ईमेल करें

भारतीय पत्रकार समिति

निष्पक्ष • निडर • सेवाभाव

राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यता अभियान शुरू

Email: indianjournalistcommittee@gmail.com

# किसानों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित कर उनकी आय वृद्धि का मार्ग प्रशस्त करें : महामहिम राज्यपाल

**सरकारी की जनकल्याणकारी योजनाओं में कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे : महामहिम राज्यपाल**

- महामहिम राज्यपाल ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

♦भारत टाइम्स♦

**राजसमंद। विद्याधर वैष्णव ।** महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने रविवार को जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर केंद्र प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा कर अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ विधायक दीप्ति माहेश्वरी, जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी आदि मौजूद रहे।महामहिम राज्यपाल की बैठक में जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने सर्वप्रथम उनका शाब्दिक स्वागत कर जिले का सामान्य परिचय प्रस्तुत किया। जल जीवन मिशन की समीक्षा करत हुए राज्यपाल ने अब तक हुई प्रगति को देखा। जिला कलक्टर ने बताया कि जिले में 65 हजार 942 परिवारों को इस योजना में लाभान्वित किया जा चुका है जो लक्ष्य का 64.75 प्रतिशत है। इस पर राज्यपाल ने शेष कार्य भी समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने हुए शत प्रतिशत लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश



दिए।जिला कलक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत वृहद पेयजल योजनाओं का प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि 1092 करोड़ रुपए की लागत से चम्बल-देवगढ़-भीम परियोजना का कार्य जारी है जिससे ब्लॉक भीम-देवगढ़ के 197 गांवों के 33169 घरों में नल से जल पहुंचेगा। ऐसे ही 133 करोड़ रुपए की लागत से 44 गांवों के लिए बाघेरी का नाका-चिकलवास योजना पर बताया कि 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।इसके पश्चात राज्यमाल ने केन्द्रीय सड़क निधि योजना के तहत जारी निर्माण कार्यों जैसे 64.34 करोड़ रुपए की लागत से केलवाड़ा-ओलादार चौराहा (राजसमंद) से भड़सोड़ा चौराहा (चित्तौड़गढ़) सड़क का चौड़ाईकरण एवं सुदृढीकरण, 15 करोड़ की लागट से मावल-नाथद्वारा सड़क संबंधी कार्य सहित अन्य कार्यों की समीक्षा कर शेष कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की पर्याप्त पहुँच सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में जिले के विभिन्न इलाकों में जारी निर्माण कार्यों की समीक्षा की। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित योजनाओं पर चर्चा करते हुए राज्यपाल ने जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत झ प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की समीक्षा की। जिला कलक्टर ने बताया कि अब तक 1 लाख 71 हजार 240 आयुष्मान कार्ड वितरित हो चुके हैं।किसानों के हित में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर राज्यपाल ने सहकारिता विभाग की पैक्स कम्प्यूटर योजना, पैक्स एस कॉमन सर्विस सेंटर योजना, महँग कृषि यंत्र कम किराए पर उपलब्ध कराने हेतु कस्टम हायरिंग सेंटर योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की समीक्षा की। सहकारिता के उप रजिस्ट्रार ने बताया कि जिले में 1 लाख 97 हजार 880 किसानों को अब तक 422.64 करोड़ रुपए की सहायता दी जा चुकी है। इसके साथ ही राज्यपाल ने अन्न भंडारण योजना, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र आदि को लेकर भी विस्तार से जानकारी ली।महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर को लेकर सहायक निदेशक ने बताया कि गत एक वर्ष में अब तक कुल 209 प्रकरण प्राप्त हुए हैं एवं 207 प्रकरणों का निस्तारण किया गया है, जिले में यह सेंटर आर के हॉस्पिटल में संचालित है।

# रेडक्रॉस पदाधिकारियों ने की राज्यपाल से मुलाकात

**रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा मानव सेवा के कार्य अनुकरणीय : राज्यपाल**

- सोसायटी भवन के प्रस्तावित भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर की चर्चा



♦भारत टाइम्स♦

**राजसमंद। विद्याधर वैष्णव ।** महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े के रविवार को राजसमन्द प्रवास के दौरान जिला रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों ने सोसायटी प्रसिडेंट व जिला कलेक्टर बालमुकुंद आसावा, अध्यक्ष कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में सर्किट हाऊस पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की।प्रवक्ता सुरेश भाट ने बताया कि राज्यपाल बनने के बाद पहली बार राजसमंद पहुंचे हरिभाऊ किसनराव बागड़े का सोसायटी पदाधिकारियों ने मेवाड़ी पगड़ी एवं उपरना पहनाया तथा वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की छवी प्रदान कर स्वागत किया। राज्यपाल ने मेवाड़ भूमि को त्याग, बलिदान और वीरों की भूमि बताया और कहा कि आज मिली महाराणा प्रताप की छवी को राजभवन में जरूर लगवाया जाएगा।राज्यपाल ने पदाधिकारियों से सोसायटी जिला शाखा की ओर से किए जाने वाले रक्तदान शिविर, नेत्रदान, अंगदान एवं देहदान के लिए जागरूकता कार्यक्रम, टीबी कीट वितरण कार्य, प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण एवं पौधा रोपण कार्य सहित सेवा कार्यों के प्रगती रिपोर्ट की विस्तार से जानकारी लेते हुए कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी मानव सेवा के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य करने वाली देश की सबसे बड़ी सामाजिक संस्था है।

# चौहटन में बीएसटीसी प्रवेश परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थी बैठाने के प्रकरण में छः माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

♦भारत टाइम्स♦

**चोहटन डूंगर राठी ।** पुलिस को टॉप 10 में चिन्हित वांछित आरोपी मूलाराम निवासी कितनोरिया को गिरफ्तार करने में मिली सफलता पुलिस उप अधीक्षक जीवनलाल खत्री के सुपरविजन में थानाधिकारी सोमकरण चारण के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्यवाही को दिया अंजाम आरोपी मूलाराम ने छः माह पहले एक केन्द्र पर आयोजित बीएसटीसी प्रवेश परीक्षा में बैठाया था डमी परीक्षार्थी डमी अभ्यर्थी ओमप्रकाश निवासी डूंगरी को परीक्षार्थी नरसिंगाराम की जगह पर बिठाया था परीक्षा में पूछताछ एवं अन्वेषण के बाद फर्जी अभ्यर्थी को परीक्षा में बिठाने का खुलासा होने पर मूलाराम को पाया गया था मुख्य आरोपी विगत छः महीनों से तलाश के बाद उसके गुजरात के साबरकांठा जिले के तालोड क्षेत्र में होने की मिली थी जानकारी पुलिस ने टीम गठित कर आरोपी मूलाराम को तालोड क्षेत्र के खेरोल गांव में दस्तयाब कर किया गिरफ्तार चौहटन पुलिस ने फर्जी अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठाने के आरोपी को गिरफ्तार कर शुरू किया अनुसंधान एवं पूछताछ।



# जोधपुर सब इंस्पेक्टर सुनिता कुमारी व आर पी एफ रेलवे पुलिस एएसआई भूपेन्द्र धालीवाल सोजत सिटी पधारने पर किया अभिनंदन



♦भारत टाइम्स♦

**सोजत सिटी।** जाने माने भामाशाह व समाजसेवी व मानवाधिकार परिषद के राजस्थान प्रदेश सह सचिव व सोजत मेहंदी नगरी के युवा रत्न व राजस्थान इंडियन स्टार डॉ. महेश सोनी के निवास स्थान पर पधारने पर जोधपुर पुलिस थाना सब इंस्पेक्टर सुनिता कुमारी व आर पी एफ रेलवे पुलिस एएसआई भूपेन्द्र धालीवाल का साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर व भगवान श्रीनाथ जी की तस्वीर भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए मानवाधिकार परिषद के राजस्थान प्रदेश सह सचिव डॉ. महेश सोनी। एवं जोधपुर पुलिस थाना सब इंस्पेक्टर सुनिता कुमारी व आर पी एफ पुलिस एएसआई भूपेन्द्र धालीवाल ने मानवाधिकार परिषद के राजस्थान प्रदेश सह सचिव डॉ. महेश सोनी से कुछ विषयों पर चर्चा भी की गई। एवं जोधपुर पुलिस थाना सब इंस्पेक्टर सुनिता कुमारी ने कहा कि समाजसेवी व मानवाधिकार परिषद के राजस्थान प्रदेश सह सचिव डॉ. महेश सोनी का आभार जताया।

# अंत्योदय सेवा शिविर में स्कूटी, ट्राइसाइकिलें, व्हीलचेयर वितरित होकर विभिन्न वर्गों को मिला योजनाओं का लाभ

♦भारत टाइम्स♦



**राजसमंद।विद्याधर वैष्णव ।** अंत्योदय सेवा शिविर का आयोजन रविवार को अणुव्रत विश्व भारती सभागार में हुआ। इस दौरान राज्य स्तरीय समारोह का लाइव टेलीकास्ट किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगों, विशेष योग्यजनों, श्रमिकों, स्ट्रीट वेंडर्स, दस्तकारों और पात्र व्यक्तियों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक जय प्रकाश चारण ने बताया कि जिला स्तरीय अंत्योदय सेवा शिविर में 8 स्कूटी, 5 ट्राई साइकिल, 10 व्हीलचेयर,10 बैसाखी, 40 हियरिंग एड आदि प्रदान किए गए। विश्वकर्मा पेंशन की पुस्तिका का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया।राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शिविर में 2,000 दिव्यांगों को स्कूटी और 10,000 विशेष योग्यजनों को कृत्रिम अंग और उपकरण वितरित किए। दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित बच्चों के लिए मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना, मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना, और मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इसके अलावा, विभिन्न योजनाओं के तहत 2.15 लाख निर्माण श्रमिकों को 247.76 करोड़ रुपये का हस्तांतरण भी किया गया।राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 5,000 परिवारों को प्रथम किस्त की डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) की गई। साथ ही, मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना की शुरूआत करते हुए 11,000 स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण स्वीकृति प्रदान की।राज्य में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 18 ट्रेड्स के 30,000 दस्तकारों को 2 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान दिया गया।

# राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को दी जन्मदिन पर बधाई : डॉ. महेश सोनी



♦भारत टाइम्स♦

**सोजत सिटी** - राजस्थान के विकास को एक नई दिशा देने वाले , ऊजार्वान एवं यशस्वी राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ( 15 दिसंबर 2024 ) को जन्मदिन के शुभ अवसर पर बहुत बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए - जाने माने भामाशाह व समाजसेवी व मानवाधिकार परिषद के राजस्थान प्रदेश सह सचिव व सोजत मेहंदी नगरी के युवा रत्न व राजस्थान इंडियन स्टार डॉ. महेश सोनी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# देदूसर में नेत्र जांच तथा चश्मा वितरण का निशुल्क शिविर आयोजित

♦भारत टाइम्स♦

**चोहटन।** सीमावर्ती ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत मुख्यालय पर स्वर्गीय अजय पाल सोठा की स्मृति में उनके पिता पुष्पेंद्र सिंह ने रविवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में निशुल्क नेत्र जांच के साथ-साथ निशुल्क चश्मा एवं दवाई का निशुल्क तस्वीर का आयोजन किया। इस शिविर में 165 लोगों की आंखों की जांच की गई तथा शिविर में 105 लोगों को निशुल्क चश्मा तथा 65 लोगों निशुल्क दवाई वितरण की गई। शिविर में दृष्टि आई हॉस्पिटल के डॉक्टर शंकर सिंह राजपुरोहित ने अपनी सेवाएं दी। देदूसर के पुष्पेंद्र सिंह सोढा ने अपने स्वर्गीय पुत्र अजय पाल की चिरस्थाई को अक्षूण बनाने के लिए इस ग्राम पंचायत



मुख्यालय पर निशुल्क नेत्र जांच का शिविर आयोजित किया था। शिविर में ऑपरेशन योग्य व्यक्तियों को शनिवार को बाड़मेर में निशुल्क ऑपरेशन भी पुष्पेंद्र सिंह की और से किए जाएंगे। सीमावर्ती क्षेत्र में विशेष कर कसीदाकारी महिलाओं तथा कमठे पर कार्य करने वाले मजदूरों की दृष्टि कमजोर होती है। इसलिए ऐसे शिविर का आयोजन इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होते हैं। शिविर में दर्जनों युवाओं ने अपनी संदर्भ सेवाएं दी।

**आवश्यकता**

भारत टाइम्स न्यूज को रिपोर्टर्स और अनुभवी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है। यदि आप हमसे जुड़ना चाहते है तो अपना बॉयोडाटा हमे ईमेल करे।

Bharattimesnews01@gmail.com

Whatsapp

9509745147

9799911545

# देसूरी की नाल में रुकेगा हादसों का सिलसिला

**उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया देसूरी की नाल का निरीक्षण**

- आरएसआरडीसी, पीडब्ल्यूडी, और एनएचएआई को प्रभावी कार्ययोजना बनाकर स्थाई समाधान निकालने के निर्देश
- एक महीने में सेफ्टी वॉल सहित अन्य सुरक्षा संबंधी कार्य होंगे पूर्ण, एलिवेटेड रोड की डीपीआर बनाने के निर्देश

♦भारत टाइम्स♦

**राजसमंद। विद्याधर वैष्णव।** पाली और राजसमंद (मारवाड़ और मेवाड़) को जोड़ने वाली देसूरी की नाल पर पर हो रहे सड़क हादसों के चलते उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को घाट क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।उपमुख्यमंत्री ने यहां स्थित खतरनाक मोड़ों, तीव्र ढलानों और संकरी सड़कों को देखकर संबंधित विभागों (आरएसआरडीसी, पीडब्ल्यूडी, और एनएचएआई) को तत्काल सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जयपुर, उदयपुर, राजसमंद और पाली से इन विभागों के अधिकारी जैसे राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम (आरएसआरडीसी) के प्रबंध निदेशक सुनील जय सिंह, सार्वजनिक निर्माण विभाग के सचिव डी आर मेघवाल, एनएच (पीडब्ल्यूडी) के मुख्य अभियंता सतीश चंद्र अग्रवाल, पीडब्ल्यूडी अतिरिक्त मुख्य अभियंता अशोक कुमार शर्मा, राजसमंद पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण



अभियंता मगनीराम रैगर आदि मौजूद रहे। इस दौरान पाली जिला कलक्टर एल एन मंत्री भी पहुंचे जिन्होंने उपमुख्यमंत्री से विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।उपमुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को सड़क के चौड़ाईकरण, क्रॉस बैरियर, रंबल स्ट्रिप लगाने और एलिवेटेड रोड की डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) बनवाने के निर्देश दिए। इन सुधारात्मक उपायों से इस मार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम संभव हो सकेगी और यात्रियों को यात्रा में सुरक्षा मिल सकेगी।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि देसूरी की नाल में अब तक कई जानलेवा हादसे हो चुके हैं, इस घाट सेक्शन को सुधारना सरकार की प्राथमिकता है, आगामी एक महीने में यहां अधिकतम सुरक्षा प्रबंधन किए जाएंगी, सेफ्टी वॉल संबंधी कार्य किया जाएंगे, साथ ही इसके स्थाई समाधान हेतु अधिकारियों के साथ चर्चा कर समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गत सरकार में भी बतौर सांसद उन्होंने इस रोड को बेहतर बनाने के लिए प्रयास किए थे, अब डबल इंजन की सरकार में इस काम को हर हाल में पूरा किया जाएगा, देसूरी की नाल को सुधारना उनकी प्राथमिकता है।देसूरी की नाल अरावली पर्वतमाला के बीच से गुजरती है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ खतरनाक ढलानों और तीखे मोड़ों के कारण कुख्यात है। इस 10 किलोमीटर लंबे मार्ग पर पिछले दो दशकों में कई बड़े हादसे हो चुके हैं। साल 2007 में यहां सबसे बड़ा सड़क हादसा हुआ था, जिसमें लगभग 90 व्यक्तियों की जान गई थी। हाल ही में 8 दिसंबर को एक स्कूल बस के पलटने से यहां तीन बच्चों की जान गई थी। यह मार्ग 15 खतरनाक मोड़ों और 5 संकरी पुलियों के चलते बेहद जोखिम भरा है। उपमुख्यमंत्री के दौरे के बाद क्षेत्र में नई आस जगी है और लोगों को उम्मीद है कि देसूरी की नाल का जल्द सुधार होगा।

# राजस्थान मेघवाल समाज संस्था जिला अलवर की बैठक सम्पन्न दिनांक 19 जनवरी 2025 को होगा प्रतिभा सम्मान समारोह

♦भारत टाइम्स♦



**अलवर/राजेश गुप्ता** । राजस्थान मेघवाल समाज संस्था जिला अलवर की बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष डॉ बी आर शास्त्री की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विगत बैठक की कार्यवाही सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पुष्टि करने के बाद वर्ष 2024 में विभिन्न क्षेत्रों में मेघवाल समाज का गौरव बढ़ाने वाली प्रतिभाओं के लिए सम्मान समारोह दिनाँक 19 जनवरी 2025 को आयोजित करने का निर्णय लिया गया तथा इस हेतु प्रतिभाओं के आवेदन दिनाँक 31 दिसम्बर 2024 तक स्वीकार करने का निर्णय किया गया। सामुहिक विवाह सम्मेलन अप्रैल माह में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अलवर जिले के मेघवाल समाज की दूरभाषिका एंव राजस्थान मेघवाल समाज संस्था, अलवर की स्मारिका प्रकाशन पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में सदस्यों ने जिला शिक्षा अधिकारी नेकीराम के निलंबन के प्रकरण को रखा और बड़े आक्रोश से सभी ने सरकार के इस निर्णय को जल्दबाजी में लिया गया निर्णय बताते हुए निलम्बन को निरस्त करने की माँग की। बैठक में दिनाँक 22 दिसम्बर 2024 को जयपुर में आयोजित हो रही राजस्थान मेघवाल समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक में भाग लेने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष डॉ बी आर शास्त्री, प्रदेश महासचिव निहाल सिंह, जीपी वर्मा, सूरजभान मेहरा, जगमाल सिंह, सुमेर सिंह, थावरमल, रघुवीर सिंह गोठवाल, संपतराम प्राचार्य, एडवोकेट कालूराम बलाई, डॉ रतनलाल सुठवाल, मनोहर लाल बलाई, ताराचंद वर्मा विजय सिंह पप्पी शिवलाल गौतम आदि ने विचार व्यक्त किये तथा किशोर सिंह गोरा ने बैठक का संचालन किया। बैठक में वी के निभोरिया, धर्मपाल, अनिल कुमार सुरेला, बाबूलाल राँघेरा, मानसिंह सुरेला, पूरन चंद, राम अवतार सुटवाल, भगत सिंह, अशोक कुमार ऊंटवाल, शोभाराम, गंगाविशन, रामू मेघवाल, बुधराम मेघवाल राजेंद्र, राजकुमार मेघवाल, दीक्षित कुमार, यमन मेघवाल, डॉ महेश गोठवाल आदि सहित इस आम सभा मे जिला अलवर के साथ साथ जिला खैरथल- तिजारा व कोटपुतली- बहरोड़ से अनेक मेघवाल समाज के सदस्यो ने भाग लिया। बैठक के अंत में जिलाध्यक्ष डॉ बी आर शास्त्री ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर 18 को

## खारिया खंगार स्थित बिड़ला व्हाइट संयंत्र में

♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा/सोहनलाल वैष्णव।** दि आदित्य बिड़ला सेंटर फॉर कम्युनिटी इनिशिएटिव एंड रूरल डेवलपमेंट अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड यूनिट बिरला व्हाइट के ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के तहत अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फाउंडेशन बिड़ला व्हाइट जनसेवा ट्रस्ट व ताराबाई देसाई नेत्र चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में एवं जिला अंधता निवारण समिति जोधपुर के आर्थिक सहयोग से विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर 18 दिसंबर से 21 दिसंबर तक तीन दिवसीय आयोजित होगा। बिड़ला व्हाइट के ग्रामीण विकास अधिकारी रामकुमार सिंह शेखावत ने बताया कि इस विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर में आंखों का निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण एवं ऑपरेशन प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ राजीव देसाई व डॉक्टर संजीव देसाई द्वारा की जाएगी। तीन दिवसीय शिविर 18 दिसंबर से 21 दिसंबर तक आयोजित होगा। शिविर खारिया खंगार स्थित बिड़ला व्हाइट संयंत्र के राजश्री नगर में आयोजित होगा। शिविर में स्त्री एवं पुरुष के मोतियाबिंद एवं नजर की जांच तथा लैंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर में भर्ती होने वाले रोगी के भोजन व दवाइयां एवं ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था की जाएगी। रोगी के साथ एक व्यक्ति जरूर आवे। ऑपरेशन के लिए चयनित रोगियों को बिड़ला व्हाइट से दिनांक 18 दिसंबर 2024 को बस द्वारा ताराबाई देसाई नेत्र चिकित्सालय जोधपुर में भेजा जाएगा तथा दिनांक 21 दिसंबर 24 को सांयकाल वापस लाया जाएगा। परिवहन की व्यवस्था भी निःशुल्क रखी गई है। इस नेत्र चिकित्सा शिविर को लेकर आवश्यक तैयारियां रविवार को शुरू की गई।

# पूर्णिमा तिथि पर कथक नृत्य का अद्भुत कार्यक्रम सुरसरि के पावन तट पर प्रवाहित हुआ

♦भारत टाइम्स♦




**वाराणसी।** काशी रस के रूप में काशीकेय संस्कृति के नवीन स्वरूप को जन सामान्य से अवगत कराने एवं आने वाली भावी पीढ़ी को संस्कारित करने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी की अप्रतिम पहल पर सुबह ए बनारस के अंतर्गत काशी रस जैसे अद्भुत कार्यक्रम को प्रत्येक रविवार को संचालित किया जाता है।जिला प्रशासन की अभिनव पहल पर रविवार को सुबह ए बनारस के अंतर्गत काशी रस कार्यक्रम के प्रथम चरण में कोलकाता से पधारी युवा कलाकार श्रावस्ती चटर्जी ने नृत्य का शुभारंभ शिव वंदना, पारंपरिक कत्थक, द्रोपदी चीर हरण एवं समापन तराना से किया।द्वितीय चरण में दिल्ली से पधारी युवा कलाकार मानसी मेहता ने प्रस्तुतियों का शुभारंभ नर्तन से कीर्तन किया जिसके अंतर्गत शिव वंदना, शिव पंचाक्षर स्त्रोतम एवं समापन चतुरंग से किया।दोनों कलाकारों ने अपने पद, लय, ताल एवं नूपुर के झंकार से झंकृत कर दर्शकों के हृदय आह्लादित किया।कलाकारों को प्रमाण पत्र श्याम कुमार केसरी ने प्रदान किया।प्रमाण पत्र प्रदान करने के साथ उनकी संगीत साधना की भी प्रशंसा की। काशी रस कार्यक्रम का संयोजन सुबह ए बनारस के सचिव एवं संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सीमा केसरी ने किया।इस अवसर पर भारी संख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे।

# मुख्य अतिथि द्वारा अभय समाज के कलाकारों का हुआ सम्मान

♦भारत टाइम्स♦

**अलवर /राजेश गुप्ता** । रविवार को अभयसमाज के रंग मंच पर राजस्थान राज्य के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह के सानिध्य में कलाकारों एवं स्वयंसेवकों के सम्मान का कार्यक्रम संपन्न हुआ संस्था के महामंत्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सम्मान संस्था के कलाकारों तथा स्वयंसेवकों का मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं वर्तमान विधायक बाबा बालक नाथजी द्वारा सम्मान किया गया जिन्होंने श्री राम लीला एवं नाटक भरतरी हरी के सफल मंचन के लिए अपना पूर्ण योगदान दिया इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता जी विशेष आमंत्रित थे कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष पंडित धर्मवीर शर्मा जी ने की ' पंडित धर्मवीर शर्मा जी ने संस्था की ओर से मंत्री महोदय सहित बाबा बालक नाथ जी एवं अशोक गुप्ता जी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया और कहा कि यह संस्था के लिए गौरव की बात है कि आज कलाकारों को जो सम्मान आपके द्वारा दिया गया है वास्तव में उसके लिए हम आपका आभार एवं धन्यवाद करते हैं।



## खेड़ापा शिविर

# चिकित्सक और नर्सिंग टीम का जिलाध्यक्ष भोमाराम चौधरी जताया आभार

♦भारत टाइम्स♦



**बगड़ी नगर - महेंद्र सिंह।** रामधाम, खेड़ापा में आयोजित 10 दिवसीय क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा शिविर का सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस दस दिवसीय शिविर में 1437 मरीजों को आयुर्वेदिक चिकित्सा, पंचकर्म, प्राकृतिक चिकित्सा, योग और प्राणायाम के माध्यम से उपचार किया गया और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। यह शिविर आयुर्वेदिक चिकित्सा की प्रगतिशीलता का प्रतीक था, जो रोगियों के लिए अत्यंत लाभकारी व प्रभावी सिद्ध हुआ। शिविर की सफलता पर राजस्थान आयुर्वेद नर्सेज एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष श्री भोमाराम जी चौधरी ने सभी चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ का आभार जताया। उन्होंने डॉ. ए.डी.पी. सिंह राजपुरोहित, डॉ. बुद्धाराम ग्वाला, डॉ. राजूराम काला, डॉ. नवल सोलंकी, डॉ. श्यामसुंदर सारण, डॉ. महेंद्र बेड़ा डॉ अशोक सिंगाड़िया और डॉ. प्रीति चौरोटिया सहित पूरी चिकित्सा टीम को उनके समर्पण और सेवाओं के लिए सराहा। साथ ही, नर्सिंग टीम के सदस्यों सुनील कुमार गौड़, रेंवतराम चौधरी, कालूराम, प्रीति खोखर, भावना सोलंकी, रघुवीर दाधीच, भारत दाधीच, राजेंद्र , गुड्डी चौधरी, श्रवण धतरवाल साथ ही परिचारक रामकिशोर चौधरी, रामनिवास डूडी , गजुदेवी साथ कांता देवी , छोटू मीणा भोमाराम ,नरेंद्र सिंह के योगदान को भी विशेष रूप से उल्लेखित किया। चौधरी ने कहा कि यह शिविर आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार और जन-जन तक इसके लाभ पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार के आयोजनों के लिए सभी से सहयोग की अपील की, ताकि आयुर्वेदिक चिकित्सा के माध्यम से समाज को और अधिक लाभान्वित किया जा सके।

# यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

♦भारत टाइम्स♦



**मुकेश शर्मा/ गोविन्द गढ़ /अलवर** । गोविन्द गढ़ बड़ौदामेव कस्बे अन्तर्गत बूटियाना रोड स्थित साहिल हॉस्पिटल पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिन पर युवाओं द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष अमरचंद यादव व महामंत्री ओमप्रकाश प्रजापति ने बताया राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय भजनलाल शर्मा के 57 वे जन्मदिन पर भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को साहिल हॉस्पिटल बूटीयाना रोड अनाज मंडी के पास किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोविंदगढ़ प्रधान प्रतिनिधि गोपाल चौधरी द्वारा की गई। रक्तदान महादान टीम के सभी सदस्यों को विधायक द्वारा आभार व्यक्त किया गया। रक्त संग्रह टीम डॉ सुरेन्द्र यादव व सनशाइन ब्लड बैंक अलवर द्वारा किया गया। शिविर में 87 यूनिट रक्त दान किया गया।

# बीएसपीएल सीजन 9 के खिलाड़ियों की नीलामी संपन्न

♦भारत टाइम्स♦

**बेंगलूरू।** सीरवी समाज कर्नाटक ट्रस्ट बलेपेट द्वारा आयोजित बलेपेट सीरवी प्रिरिमियर लीग बीएसपीएल सीजन 9 का क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों की नीलामी का कार्यक्रम गांधी नगर स्थित सानटंम होटल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आईमाताजी तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुआ। इस प्रतियोगिता में सीरवी समाज की कुल 10 टीमें हिस्सा लेगी। इस प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 12 जनवरी 2025 रविवार को मागड़ी रोड जोगनहल्ली स्थित आईजी धाम में खेला जाएगा। प्रतियोगिता का समापन 19 जनवरी रविवार को होगा। इस मौके पर वॉलीबॉल महाकुम्भ टीमों का चेन लिंक बनाया गया। इस अवसर पर संस्था के सचिव अमराराम चोयल, उपाध्यक्ष अन्नाराम परिहारिया, कोषाध्यक्ष मोतीराम लचेटा, खेल मंत्री कैलाश भायल, कार्यकारिणी सदस्य मांगीलाल चोयल, सेसाराम भायल, गोपाल सेंणचा, मांगीलाल चोयल, राजूराम बर्फा, मुख्य अतिथि के रूप में सीरवी कर्नाटक महासभा के अध्यक्ष बाबूलाल परिहार, सेवा संघ, सांस्कृतिक कमेटी सदस्य, भंवरलाल गहलोत, अब्बाराम सानपुरा, ढगलाराम लचेटा, चेनाराम चोयल, पेमाराम बर्फा, सेवासंघ, सांस्कृतिक कमेटी सहित समाज के अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। मंच संचालन रमेश आगलेचा ने किया।



# केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने रामगढ़ में विधायक जनसेवा केंद्र का उदघाटन किया

♦भारत टाइम्स♦



केंद्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव रविवार को अलवर जिले के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र पहुंचे और नवनिर्वाचित विधायक सुखवंत सिंह के साथ जनसेवा केंद्र कार्यालय का उदघाटन किया। इस अवसर पर भूपेंद्र यादव ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को 1 वर्ष पूरा हो गया है। इसे एक वर्ष में राजस्थान में विकास के अनेक कार्य हुए हैं, राजस्थान में परिवर्तन नजर आ रहा है और यह परिवर्तन रामगढ़ में भी नजर आ रहा है। भूपेंद्र यादव ने कहा, ₹उपचुनाव में विजयी होने के बाद उन्होंने सुखवंत सिंह से कहा कि विधायक और सांसदों को लगातार अपने क्षेत्र में लोगों के बीच में रहना चाहिए, लोग कहां मिले उनके लिए एक निश्चित जगह होनी चाहिए। मुझे खुशी है कि मेरे साथी के रूप में उन्होंने रामगढ़ में आप लोगों की समस्याओं के लिए, समाधान के लिए, विकास के लिए जनसेवा केंद्र खोला है। रामगढ़ में भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता एक टीम के रूप में विकास के लिए कार्य करेगा। भूपेंद्र यादव ने कहा कि कहा कि संसद में संविधान के 75 साल पूरा होने पर चर्चा चल रही है। लोकसभा की इस चर्चा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 कर्तव्यों का उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि आने वाली 17 तारीख को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जयपुर में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। इस जनसभा में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुंचे और हिस्सा लें। उसके बाद भूपेंद्र यादव ने रामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री आरोग्य शिबिर का फीता काटकर उद्घाटन किया। रामगढ़ पहुंचने से पूर्व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का शीतल जलेबी चौक पर कार्यकताओं के द्वारा माला साफा व पार्टी का दुपट्टा पहनकर स्वागत किया गया। इस दौरान रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह, जिला प्रमुख बलवीर सिंह छिल्लर, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित धर्मवीर शर्मा, इंदर सिंह यादव, मालाखेड़ा प्रधान वीर बत्ती जाटव, उमरैण प्रधान दौलत राम जाटव, सुदेश खांब्रा, निर्मल सिंह सूरा सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और लोग मौजूद रहे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

# विवेक सीरवी का राज्य स्तर पर क्रिकेट टूनामेंट में हुआ चयन




♦भारत टाइम्स♦

**बेंगलूरू:** कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन ने अंतर- क्षेत्रीय टूनार्मेंट अंडर-14 के लिए खिलाड़ियों की सूचि जारी की हैं जिसमे बैंगलोर के विवेक सीरवी का भी चयन हुआ हैं। विवेक सीरवी बगड़ी नगर के निवासी सुनील गहलोत के पुत्र हैं। वे कर्नाटक इंस्टिट्यूट ऑफ क्रिकेट एसोसिएशन के तेज गेंदबाज हैं जिन्होंने हाल ही मैं हुए लीग मैच मैं अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ 17 विकेट लिए हैं। विवेक केआईओसी के अध्यक्ष इरफान सेठ के नेतृत्व मैं क्रिकेट का प्रक्षिक्षण ले रहे हैं। विवेक सीरवी का राज्य स्तर पर चयन होने पर सीरवी समाज के क्रिकेट प्रेमीयों में खुशी की लहर छा गई।

# काशी में धनाभिषेक, 17 करोड़ श्रद्धालु



श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूष ा मिश्र ने .बताया कि वर्ष 2023 (जनवरी से जून) तक 22979137 श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किये थे, जबकि 2024 में इस समयावधि के भीतर 33494933 श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किये थे



श्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण की तीसरी वर्षगांठ धूमधाम से मनाया जाने लगा है। तो दुसरी तरफ इन तीन सालों में काशी में दुनिया जहान से आएं भक्त दर्शन-पूजन के बीच धनाभिषेक कर काशीवासियों को मालामाल करते नजर आएं। यह सब काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण, काशी के मजबूत हुए इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी से संभव हो पाया है। आंकड़ों के मुताबिक इन तीन सालों में लगभग 17 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा धाम में मत्था टेका। जबकि चढ़ावा लगभग 150 करोड़ से अधिक का है। मंदिर के मुताबिक पिछले वर्ष 2023 के प्रथम छमाही (जनवरी-जून) के मुकाबले 2024 के प्रथम छमाही में पर्यटकों और बाबा विश्वनाथ धाम की आमदनी दोनों में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी हुई है. इस समयावधि में 2023 के सापेक्ष 2024 में धाम की आमदनी में 24.66 प्रतिशत बढ़ी है, वहीं श्रद्धालुओं की संख्या में 45.76 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यानी इस अवधि में पिछले वर्ष की अपेक्षा एक करोड़ पांच लाख अधिक श्रद्धालु आए। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने .बताया कि वर्ष 2023 (जनवरी से जून) तक 22979137 श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किये थे, जबकि 2024 में इस समयावधि के भीतर 33494933 श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किये थे, जबकि 2024 में इस समयावधि के भीतर 33494933 श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार मे हाजिरी लगाई। यह पिछले वर्ष से 1 करोड़, 5 लाख 15 हजार ,796 (1,05,15,796 ) अधिक है. वहीं धाम के पास 2023 के पहले छमाही में 38,29,77,214 था जबकि, 2024 की प्रथम छमाही में आमदनी 47,74,13890 हो गई है. यह 9 करोड़ 44 लाख 36 हजार ,676 (9,44,36,676) अधिक है. इससे यूपी के धार्मिक राजधानी काशी की अर्थव्यवस्था में न सिर्फ चार चांद लग गया, बल्कि पर्यटन से जुड़े ट्रैवल टूरिज्म, होटल, हॉस्पिटैलिटी, ट्रांसपोर्ट, रियल एस्टेट से लगायत इंडस्ट्री समेत अन्य कारोबार में इजाफा देखने को मिला। एक अनुमान के मुताबिक उद्घाटन तिथि से अब तक विभिन्न सेक्टरों में चढ़ावा सहित 4500 करोड़ के कारोबार हो चुके होंगे धार्मिक राजधानी काशी अब आर्थिक राजधानी बनने को अग्रसर है। या यूं कहे सबसे अधिक पर्यटकों वाला शहर बन गया है। इसने आगरा व मथुरा को भी पीछे छोड़ दिया है, जहां वर्ष 2022 में 6.5 करोड़ पर्यटक पहुंचे थे। दिसंबर 2021 में काशी विश्वनाथ धाम उद्घाटन होने के बाद से अब तक लगभग 17.6 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। पांच लाख वर्ग फुट में फैला यह कॉरीडोर वाराणसी पर्यटन को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है। पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि के पीछे अहम कारण काशी विश्वनाथ धाम के पुनर्विकास है, जिसमें गंगा क्रूज, विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती, गंगा घाटों का सौंदर्य, काशी की सांस्कृतिक-आध्यात्मिक विरासत और बरसों पुरानी बुनाई की कला सम्मिलित है। काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के मुताबिक जब से मंदिर का पुनर्विकास हुआ है, हर रोज लगभग एक से डेढ़ लाख श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। वहीं, सावन के महीने में यह संख्या बढ़कर 3 से 4 लाख और सोमवार को साढ़े 6 लाख से ज्यादा हो जाती है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने .बताया कि वर्ष 2023 (जनवरी से जून) तक 22979137 श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किये थे, जबकि 2024 में इस समयावधि के भीतर 33494933 श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किये थे, जबकि 2024 में इस समयावधि के भीतर 33494933 श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार मे हाजिरी लगाईयह पिछले वर्ष से 1 करोड़, 5 लाख 15 हजार ,796 (1,05,15,796 ) अधिक है. वहीं धाम के पास 2023 के पहले छमाही में 38,29,77,214 था जबकि, 2024 की प्रथम छमाही में आमदनी 47,74,13890 हो गई है. यह 9 करोड़ 44 लाख 36 हजार ,676 (9,44,36,676 ) अधिक है. फिरहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद से वाराणसी की आर्थिक तस्वीर बदल कर रख दी है। ना सिर्फ में रोजगार के साधनों में वृद्धि हुई है, बल्कि यहां के ढांचागत सुविधाओं में भी व्यापक सुधार हुआ है। पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व इजाफा हुआ है। 99 फीसदी लोग मानते है कि इस अवधि में न सिर्फ शहर के ढांचागत सुविधाओं में व्यापक सुधार हुआ है, बल्कि रोजगार का सृजन भी हुआ है। अकेले पर्यटन के क्षेत्र में सबसे ज्यादा 45 फीसदी रोजगार बढ़ा। इसके अलावा घाटों के प्रबंधन के कार्य में रोजगार बढ़े है। होटल मालिकों की आय में 75 फीसदी, दुकानदारों की आय में 50 फीसदी, ई-रिक्शा चालकों की आय में 35 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। टैक्सी ऑपरेटरों की आय में 25 फीसदी की वृद्धि आंकी गई है। नाविक, साड़ी व्यवसायी, पूजन समाग्री विक्रेता, गुलाबी मीनाकारी, शिल्प कारीगर, खाने-पीने के दुकानदारों के मुताबिक उनकी आय में पहले की तुलना में 55 फीसदी की वृद्धि हुई है। खास बात यह है कि काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन पहुंचे 99 फीसदी फीसदी श्रद्धालु सुगम-दर्शन से प्रभावित हैं। होटल कारोबारियों के मुताबिक मंदिर के पुनर्निर्माण के बाद से तो मानो वाराणसी की किस्मत चमक गई है। यहां इंफ्रास्ट्रक्चर में काफी सुधार हुआ है। पहले दिनभर में 12-13 घंटे भी बिजली की आपूर्ति मुश्किल से होती थी। दिनभर होटलों में जेनरेटर की वजह से शोर रहता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब यहां बिजली की आपूर्ति पूरी तरह से हो रही है। कनेक्टिविटी में भी काफी सुधार हुआ है। सड़क के साथ-साथ हवाई मार्ग से यात्रा की सुविधा भी बढ़ी है, जिसके परिणामस्वरूप देश-विदेश से यहां पहुंचने वालों की संख्या में काफी बढ़ोतरी दिख रही है। उनका कहना है कि पहले यहां खास सीजन या देव दीपावली या गंगा दशहरा जैसे पर्वो के मौके पर ही पर्यटक पहुंचते थे, लेकिन आज हर रोज एक से डेढ़ लाख पर्यटकों के आने से रोजगार के अवसर बढ़े हैं। इससे वाराणसी में 75 से 80 प्रतिशत तक व्यवसाय बढ़ा है। होटल इंडस्ट्री में बूम आया है। सीईओं विश्वभूषण मिश्रा ने बताया कि काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण, काशी के मजबूत हुए इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी ने यहां आने वाले धार्मिक पर्यटकों की राह आसान कर दी है. निःसंदेह योगी सरकार के प्रयासों ने मंदिर के पुनरुद्धार के बाद यहां पहुंचने, ठहरने समेत दर्शन-पूजन आदि को भी बेहद आसान बना दिया है। देश को सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाने के अपने मिशन के साथ मौजूदा सरकार लगातार शहर में पर्यटन की आर्थिक क्षमता को बेहतर बनाने की कोशिश में जुटी है। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर और घाटों के लिए हमेशा से प्रसिद्ध यह नगर, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की सरकार की परंपरा और आधुनिकता को साथ लेकर आगे बढ़ रही है। परिणामस्वरूप काशी-विश्वनाथधाम मंदिर समेत समूचे वाराणसी में पर्यटकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। मुम्बई और गोवा की तरह अब वाराणसी में भी लोग पानी पर लग्जरी यात्रा का आनंद उठा रहे हैं। वाराणसी यूपी का पहला ऐसा शहर है, जहां नदी में चलने वाले क्रूज की संख्या 10 से ज्यादा हो चुकी है। पर्यटकों की संख्या में हुई वृद्धि से वाराणसी में रिवर टूरिज्म की डिमांड भी बढ़ी है, जिसमें क्रूज की मांग भी शामिल है। गंगा की लहरों पर क्रूज का संचालन बढ़ने से वाराणसी में न सिर्फ पर्यटन क्षेत्र का विकास हो रहा है, बल्कि यहां के कारोबारियों को भी लाभ मिल रहा है। बेहतर कनेक्टिविटी के कारण पर्यटक वाराणसी के साथ-साथ अयोध्या, विन्ध्याचल और प्रयागराज भी जा रहे हैं। छुट्टियों और पर्व-त्योहारों में काशी आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण ने समृद्धि के द्वार खोल दिए हैं। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के लोकापर्ण के बाद पहले ही साल भक्तों ने 100 करोड़ रुपये से अधिक का दान दिया। महज एक साल के भीतर ही 7.35 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। यह तादाद पहले के मुकाबले 12 गुने से भी ज्यादा है। मंदिर में बीते एक साल में नकदी के अलावा 60 किलो सोना, 10 किलो चांदी, 1500 किलो तांबा भी भक्तों ने चढ़ाया है। श्रद्धालुओं ने 50 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी दान में दी है।

# क्या मस्जिद के अंदर जय श्री राम का नारा लगाना अपराध है?

कर्नाटक हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक अपील दायर की गई है। जिसमें कहा गया था कि मस्जिद के अंदर ह्यजय श्री रामह्न का नारा लगाना धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अपराध नहीं है। कर्नाटक हाई कोर्ट ने 13 सितंबर को दो व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की थी, जिन पर दूसरों की धार्मिक मान्यताओं का अपमान करने का आरोप लगाया गया था। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, इस फैसले को चुनौती देने वाली अपील 16 दिसंबर को जस्टिस पंकज मिथल और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। इस मामले में आरोप है कि दक्षिण कन्नड़ जिले के दो निवासी, कीर्तन कुमार और सचिन कुमार ने पिछले साल बदन्या जुम्मा मशिब नामक एक स्थानीय मस्जिद में घुस गए और जय श्री राम के नारे लगाए। दोनों ने कथित तौर पर यह भी धमकी दी कि ह्वबेयरियों (मुसलमानों) को शांति से रहने नहीं देंगे। स्थानीय पुलिस ने दोनों व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज होने के बाद उन पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 295 ए (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से किए गए कृत्य), 447 (अतिचार) और 506 (आपराधिक धमकी) सहित कई प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया। बाद में दोनों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामला रद्द करने की मांग करते हुए कर्नाटक हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। इस साल 13 सितंबर को हाई कोर्ट के जस्टिस एम. नागप्रसन्ना ने उन्हें राहत प्रदान की और मामला रद्द करते हुए कहा कि धारा 295अ जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्यों से



संबंधित है जिसका उद्देश्य किसी वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करके उसकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना है। यह समझ से परे है कि अगर कोई ह्यजय श्रीरामह्न का नारा लगाता है तो इससे किसी वर्ग की धार्मिक भावना कैसे आहत होगी। जब शिकायतकर्ता खुद कहता है कि इलाके में हिंदू-मुस्लिम सौहार्द के साथ रह रहे हैं तो इस घटना का परिणाम किसी भी तरह से एंटीमनी नहीं हो सकता। हाई कोर्ट ने यह भी पाया कि इस मामले में कथित कृत्य का सार्वजनिक व्यवस्था पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा। हाई कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का मानना ??है कि कोई भी कार्य आईपीसी की धारा 295ए के तहत अपराध नहीं माना जाएगा। जिन कार्यों से शांति व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने या सार्वजनिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, उन्हें आईपीसी की धारा 295ए के तहत अपराध नहीं माना जाएगा।मामले में शिकायतकर्ता ने अब इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष उनकी याचिका में कहा गया है कि हाई कोर्ट ने इस मामले में बहुत ही अलग रवैया अपनाया है तथा उसका दृष्टिकोण आपराधिक मामलों को रद्द करने की याचिकाओं से निपटने के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों के विरुद्ध है। शिकायतकर्ता ने तर्क दिया कि यह प्रस्तुत किया गया है कि निरस्तीकरण याचिका पर निर्णय लेने में प्रयुक्त किया जाने वाला परीक्षण यह नहीं है कि एफआईआर में आरोपित अपराधों के तत्व पूरे हुए हैं या नहीं, बल्कि यह है कि एफआईआर में लगाए गए आरोपों को यदि मूल्य पर लिया जाए तो क्या वे संज्ञेय अपराधों के होने का खुलासा करते हैं। इमरजेंसी का पाप कांग्रेस के माथे से कभी नहीं मिटने वाला, ढट मोदी का बड़ा निशाना उनका कहना है कि इस मामले में लगाए गए आरोप, प्रथम दृष्टया, विभिन्न अपराधों के होने का संकेत देते हैं। उन्होंने यह भी तर्क दिया है कि सुप्रीम कोर्ट ने भी बार-बार जांच के चरण में आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने की निंदा की है। याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार माना है कि धारा 482 (सीआरपीसी) के तहत निहित शक्तियों का इस्तेमाल वैध अभियोजन को रोकने के लिए नहीं किया जा सकता है, खासकर तब जब जांच चल रही हो। इसके अलावा, शिकायतकर्ता ने हाई कोर्ट की इस टिप्पणी से भी असहमति जताई है कि क्या मस्जिद में जय श्री राम का नारा लगाना किसी धार्मिक वर्ग का अपमान माना जाएगा। याचिका में कहा गया है कि हाई कोर्ट ने अपने ही ज्ञात कारणों से एक बहुत ही अजीब दृष्टिकोण अपनाया है और निष्कर्ष दिया है कि यह समझ से परे है कि अगर कोई जय श्रीराम का नारा लगाता है तो इससे किसी वर्ग की धार्मिक भावना आहत होगी। इस तथ्य को पूरी तरह से नजरअंदाज करते हुए कि इस तरह के बयान आरोपियों द्वारा मस्जिद में जबरन घुसकर दिए गए थे। साथ ही मुस्लिम समुदाय को धमकाया गया था। यह अत्यंत सम्मानपूर्वक प्रस्तुत किया जाता है कि हाई कोर्ट द्वारा इस तरह की अनुचित टिप्पणियों से असामाजिक तत्वों को बढ़ावा मिलेगा, जो हाल के दिनों में देश भर में अल्पसंख्यकों पर भीड़ द्वारा हत्या और हमलों जैसे जघन्य अपराधों को सही ठहराने के लिए इस तरह के धार्मिक और भक्ति मंत्रों का सहारा लेते देखे गए हैं।

## संपादकीय

# संभल में जांच के दौरान मिला शिव मंदिर, भारी सुरक्षा के बीच पुलिस ने खुलवाया ताला

संभल हिंसा में चार लोगों की हुई थी मौत। संभल के नखासा चौराहा इलाके में बिजली विभाग और प्रशासन की टीम शनिवार को बिजली चोरी के मामले की जांच कर रही थी। इसी बीच, नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला खग्गू सराय में 46 साल से बंद पड़ा भगवान शिव का मंदिर मिला है। इस मंदिर को प्रशासन ने फिर से खोल दिया है। अवैध अतिक्रमण और बिजली चोरी के खिलाफ डीएम और एसपी की संयुक्त छापेमारी में यह मंदिर मिला है। एक स्थानीय निवासी ने कहा कि ये मंदिर 1978 के बाद से बंद था। मंदिर मिलने के बाद पुलिस वालों ने शिवलिंग की सफाई की। यह मंदिर सपा सांसद जिया उर रहमान बर्क के घर से कुछ ही दूरी पर स्थित है। संभल में माहौल है तनावपूर्ण बताना होगा कि पिछले काफी दिनों से संभल का माहौल तनावपूर्ण है। कुछ दिन पहले जब कोर्ट के आदेश पर एक टीम सर्वे करने के लिए वहां पहुंची थी तो इसके विरोध में हिंसा हुई थी और इस हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों के नाम नईम गाजी, बिलाल अंसारी, अयान अब्बासी और कैफ अल्वी हैं। इसके अलावा कई अन्य लोग घायल हो गए थे। ह्नपुजारी ने यहां रहने की हिम्मत नहीं की नगर हिंदू सभा के संरक्षक विष्णु शरण रस्तोगी ने न्यूज एजेंसी अठक से कहा, ह्नहम खग्गू सराय इलाके में रहते थेह्नहमारे पास पास में ही (खग्गू सराय इलाके में) एक घर हैह्न1978 के बाद हमने घर बेच दिया और जगह खाली कर दी। यह भगवान शिव का मंदिर हैह्नहमने यह इलाका छोड़ दिया और हम इस मंदिर की देखभाल नहीं कर पाए। इस जगह पर कोई पुजारी नहीं रहताह्न15-20 परिवार इस इलाके को छोड़ कर चले गएह्नहमने मंदिर को बंद कर दिया था क्योंकि पुजारी यहां नहीं रह सकते थे। पुजारी ने यहां रहने की हिम्मत नहीं कीह्नमंदिर



1978 से बंद था और आज इसे खोल दिया गया है।ह्नह्न विष्णु शरण रस्तोगी ने कहा कि उनके भतीजे ने इस मंदिर में ताला लगा दिया था। उन्होंने बताया कि यह मंदिर पुलिस की मेहरबानी से खुला है। विष्णु शरण रस्तोगी ने कहा कि 1978 में हुए एक विवाद के बाद यहां से लोग चले गए थे। मंदिर पर हो गया था कब्जा मंदिर में हनुमान, शिवलिंग, नंदी और कार्तिकेय की मूर्तियां भी मिली हैं। इस इलाके में अतिक्रमण की वजह से मंदिर पर कब्जा हो गया था लेकिन अब पुलिस प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए यहां पर बुलडोजर की कार्रवाई की और तब इस मंदिर का पता चला है। मंदिर के पास कुआं और पीपल का पेड़ भी था। संभल एसडीएम वंदना सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह जब बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था, तब प्रशासन की टीम यहां पहुंची थी। उस दौरान इस मंदिर का पता चला। इसके बाद डीएम को सूचंति किया गया और मंदिर के ताले खुलवाए गए हैं। मंदिर खुलने के बाद हिंदू समुदाय ने लगाए नारे मंदिर के दरवाजे खुलते ही लोगों ने जय श्री राम और जय हनुमान के नारे लगाए। पुलिस ने भारी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण तरीके से मंदिर का ताला खुलवाया और यहां साफ-सफाई कराई गई है।

## आस्था...

### 99 प्रतिशत लोगों को नहीं पता होगा श्रीमद्भागवत और भगवद गीता में अंतर...

हिंदू धर्म के दो बड़े ग्रंथ श्रीमद्भगवत पुराण और भगवत गीता हैं और इन दोनों ही पवित्र ग्रंथों का बड़ा महत्व है। अक्सर लोग इन ग्रंथों को एक जैसा समझ लेते हैं, लेकिन आपको बता दें कि इन दोनों का मकसद और महत्व अलग-अलग है। दरअसल, श्रीमद्भगवत पुराण भगवान श्रीकृष्ण की कहानियों और उनकी लीलाओं पर आधारित है, जबकि भगवद गीता एक छोटा ग्रंथ है, जो अर्जुन और श्रीकृष्ण के बीच बातचीत पर आधारित है। इसमें श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जीवन के सही रास्ते, धर्म, कर्म, भक्ति और योग के बारे में बताया है। हालांकि दोनों ग्रंथ अलग होने के बाद भी बहुत ही खास हैं। ऐसे में आइए आज हम आपको बताते हैं कि इन दोनों में आखिर क्या अंतर है। भगवद गीता क्या है? भगवद गीता महाभारत का हिस्सा है और इसमें कुल 700 श्लोक हैं। यह अर्जुन और भगवान श्रीकृष्ण के बीच हुए संवाद पर आधारित है। जब अर्जुन युद्ध के दौरान दुविधा में पड़ते हैं, तो श्रीकृष्ण उन्हें जीवन के सही रास्ते पर चलने की सीख देते हैं। गीता में कर्म, भक्ति और ज्ञान के बारे में बताया गया है। इसका मुख्य मकसद है, लोगों को अपने जीवन में सही निर्णय लेने और नैतिकता पर टिके रहने की प्रेरणा देना। भगवद गीता भक्ति के साथ-साथ कर्म और ज्ञान को भी महत्व देती है। 2025 में इन 3 राशि वाले जातकों का चमक उठेगा भाग्य, शिवजी बरसाएंगे धन और शोहरत, बैंक बैलेंस के साथ मान-सम्मान बढ़ने के योग श्रीमद् भागवत क्या है? श्रीमद् भागवत, जिसे भागवत पुराण भी कहते हैं, एक बड़ा ग्रंथ है। इसमें 12 खंड और 18,000 श्लोक हैं। यह भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनकी लीलाओं और चमत्कारों का विस्तार से वर्णन करता है। यह ग्रंथ भक्ति और भगवान के प्रति प्रेम और समर्पण पर आधारित है। श्रीमद् भागवत में भक्ति को सबसे ऊंचा स्थान दिया गया है। यह भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और उनके चमत्कारों पर केंद्रित है।

## आज का राशिफल

### मेषः चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।

**मेषः** आपका सबसे बड़ा सपना हक ीकत में बदल सकता है। लेकिन अपने उत्साह को काबू में रखें, क्योंकि ज्यादा खुशी भी परेशानी का सबब बन सकती है। आर्थिक तौर पर सुधार के चलते आप आसानी से काफी वक़्त से लंबित बिल और उधार चुका सकेंगे। आपको अपनी एक–सी दिनचर्या से थोड़ी छुट्टी लेकर आज दोस्तों के साथ सैर–सपाटा करने की जरूरत है। थोड़ी कोशिश और करें। आज भाग्य आपका साथ जरूर देगा, क्योंकि यह आपका दिन है। खाली वक्त आज व्यर्थ की बहसों में खराब हो सकता है जिससे दिन के अंत में आपको खिन्नता होगी।

### वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।

**वृषभः** शाम के समय थोड़ा आराम कीजिए। जिन लोगों ने किसी अनजान शख्स की सलाह पर कहीं निवेश किया था आज उन्हें उस निवेश से फायदा होने की पूरी संभावना है। घरेलू काम थका देने वाला होगा और इसलिए मानसिक तनाव की वजह भी बन सकता है। आपके प्रिय का डांवाडोल मिजाज आपको परेशान कर सकता है। भरपूर रचनात्मकता और उत्साह आपको एक और फायदेमंद दिन की ओर ले जाएंगे। आपकी भागदौड़ भरी दिनचर्या के कारण आपका जीवनसाथी खुद को दरकिनार महसूस कर सकता है, जिसका इजहार शाम को होना मुमकिन है।

### मिथुनः क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।

**मिथुनः** सोचने से पहले दो बार सोचें। अनजाने ही आपका नजरिया किसी की भावनाओं को आहत कर सकता है। धन आपके लिए जरुरी है लेकिन धन को लेकर इतने संजीदा न हो जाएं कि अपने रिश्तों को ही खराब कर दें। अपने दोस्तों और परिवार के सहयोग के चलते आप नए आत्मविश्वास और रोमांच से भरपूर रहेंगे। आपका बेपनाह प्यार आपके प्रिय के लिए बेहद क ीमती है। आपका कम्यूनिकेशन और काम करने की क्षमता असरदार सिद्ध होंगे। आज के दिन आप वैवाहिक जीवन का असली स्वाद चख सकते हैं। अपने काम के प्रति आज आपका फोकस गजब का होगा।

### कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।

**कर्कः** कार्यक्षेत्र में वरिष्ठों का दबाव और घर में अनबन के चलते आपको तनाव का सामना करना पड़ सकता है– जो काम में आपकी एकाग्रता को भंग करेगा। आप जीवन में पैसे की अहमियत को नहीं समझते लेकिन आज आपको पैसे की अहमियत समझ में आ सकती है क्योंकि आज आपको पैसे की बहुत आवश्यकता होगी लेकिन आपके पास पर्याप्त धन नहीं होगा। बुजुर्ग और परिवार के सदस्य स्नेह देंगे और खयाल रखेंगे। आपकी ऊर्जा का स्तर ऊँचा रहेगा– क्योंकि आपका प्रिय आपने लिए बहुत सारी खुशी की वजह साबित होगा।

### सिंहः मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।

**सिंहः** आपका सकारात्मक रुख आपके आसपास के लोगों को प्रभावित करेगा। जीवनसाथी की खराब तबीयत के कारण आज आपका धन खर्च हो सकता है लेकिन आपको इसको लेकर चिंता करने की जरुरत नहीं है क्योंकि धन इसीलिये बचाया जाता है कि बुरे समय में वो आपके काम आ सके। आपके जीवन–साथी की लापरवाही संबंधों में दूरी बढ़ा सकती है। साथ में अपना क ीमती समय बिताएँ और मीठी यादों को फिर से ताजा करें, ताकि पुराने दिनों को फिर से वापस लाया जा सके। रोमांस को झटका लगेगा और आपके क ीमती तोहफे भी आज जादू चलाने में विफल रहेंगे।

### कन्याः टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।

**कन्याः** आपका सबसे बड़ा सपना हक ीकत में बदल सकता है। लेकिन अपने उत्साह को काबू में रखें, क्योंकि ज्यादा खुशी भी परेशानी का सबब बन सकती है। इस राशि के कुछ लोगों को आज जमीन से जुड़े किसी मुद्दे को लेकर धन खर्च करना पड़ सकता है। परिवार के सदस्यों की अच्छी सलाह आपके मानसिक तनाव को कम करने में दवा की तरह असरदार साबित होगी। मुहब्बत का सफर प्यारा, मगर छोटा होगा। घर के कामों को पूरा करने के बाद इस राशि की गृहणियां आज के दिन फुर्सत में टीवी या मोबाइल पर कोई मूवी देख सकती हैं। आपके वैवाहिक जीवन से सारा मजा खो सा गया मालूम होता है।

### तुलाः रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।

**तुलाः** आज का दिन मौज–मस्ती और आनन्द से भरा रहेगा– क्योंकि आप जिन्दगी को पूरी तरह जिएंगे। आज यदि आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा रहे हैं तो पैसा सोच समझकर खर्च करें। धन हानि हो सकती है। ऐसे काम करें जिनसे आपको खुशी मिले, लेकिन दूसरों के मामलों में दखलअंदाजी से बचें। अपने प्रिय की गैरमौजूदगी में आप खुद को बिल्कुल खाली महसूस करेंगे। आज जीवन के कई अहम मुद्दों पर आप घरवालों के साथ बैठकर बात कर सकते हैं। आपकी बातें घरवालों को परेशान कर सकती हैं लेकिन इन बातों का हल अवश्य निकलेगा।

### वृश्चिकः तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।

**वृश्चिकः** किसी भी तरह के द्वन्द्व या विरोध से बचें, क्योंकि आपकी सेहत पर इसका बुरा असर होगा। जो लोग अब तक पैसे को बिना सोचे विचारे उड़ा रहे थे उन्हें आज पैसे की बहुत आवश्यकता पड़ सकती है और आज आपको समझ में आ सकता है कि पैसे की जीवन में क्या अहमियत है। दिन के उत्तरार्ध में अचानक आई कोई अच्छी खबर पूरे परिवार को खुशी देगी। अपने प्रिय की नाराजगी के बावजूद अपना प्यार जाहिर करते रहें। दिल के करीबी लोगों के साथ आपका वक्त बिताने का मन करेगा लेकिन आप ऐसा कर पाने में सक्षम नहीं हो पाएंगे।

### धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।

**धनुः** आपका उदार स्वभाव आज आपके लिए कई खुशनुमा पल लेकर आएगा। कोई बेहतरीन नया विचार आपको आर्थिक तौर पर फायदा दिलायेगा। बच्चे को अपनी उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करें। हालाँकि किसी चमत्कार की उम्मीद न करें। आपका प्रोत्साहन निश्चित तौर पर बच्चे का आत्मविश्वास बढ़ाएगा। अपने प्रिय से कुछ भी तल्ख कहने से बचें– नहीं तो बाद में आपको पछ्ताना पड़ सकता है। आज आपको ढेरों दिलचस्प निमंत्रण मिलेंगे– साथ ही आपको एक आकस्मिक उपहार भी मिल सकता है।

### मकरः भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।

**मकरः** कार्यक्षेत्र में वरिष्ठों का दबाव और घर में अनबन के चलते आपको तनाव का सामना करना पड़ सकता है– जो काम में आपकी एकाग्रता को भंग करेगा। भागीदारी वाले व्यवसायों और चालाकी भरी आर्थिक योजनाओं में निवेश न करें। शाम को साथियों का साथ मजेदार रहेगा। एक लम्बा दौर जो काफी समय से आपको दबोचे हुए था, खत्म हो चुका है– क्योंकि जल्दी ही आपको आपका जीवन–साथी मिलने वाला है। आपका खाली वक्त आज किसी गैरजरुरी काम में खराब हो सकता है। अपने जीवनसाथी के साथ आप प्यार और रुमानियत से भरे पुराने दिन एक बार फिर जी पाएंगे।

### कुंभः गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।

**कुंभः** आप जो शारीरिक बदलाव आज करेंगे, वे निश्चित तौर पर आपके रूप–रंग को आकर्षक बनाएगा। नया आर्थिक करार अंतिम रूप लेगा और धन आपकी तरफ आएगा। अपने परिवार के साथ रुखा व्यवहार न करें। यह पारिवारिक शान्ति को भंग कर सकता है। समय, कामकाज, पैसा, यार–दोस्त, नाते–रिश्ते सब एक ओर और आपका प्यार एक तरफ, दोनों आपस में खोए हुए – कुछ ऐसा मिजाज रहेगा आपका आज। दीर्घावधि में कामकाज के सिलसिले में की गयी यात्रा फायदेमंद साबित होगी।

### मीनः दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।

**मीनः** आपको अपना अतिरिक्त समय अपने शौक पूरे करने या उन कामों को करने में लगाना चाहिए, जिन्हें करने में आपको सबसे ज्यादा मजा आता है। धन आपके लिए जरुरी है लेकिन धन को लेकर इतने संजीदा न हो जाएं कि अपने रिश्तों को ही खराब कर दें। दिन के दूसरे हिस्से में आप आराम करना और अपने परिवार के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और कोशिश करें कि यह ज्यादा-से-ज्यादा रुमानी हो। आज आप कोई नई पुस्तक खरीदकर किसी कमरे में खुद को बंद करके पूरा दिन गुजार सकते हैं।

# शादी के 12 साल बाद बेटी की मां बनीं राधिका आप्टे




एक्ट्रेस राधिका आप्टे बेटी की मां बन गई हैं. अभिनेत्री ने अपनी लेटेस्ट तस्वीर शेयर नेटिज़न्स को ये खुशखबरी दी है. एक्ट्रेस ने अपने पति बेनेडिक्ट टेलर के साथ अपनी नन्ही प्रिंसेस का वेलकम किया है. इसी के साथ राधिका ने ये भी बताया कि अपने बच्चे के जन्म के एक हफ्ते बाद ही उन्होंने काम फिर से शुरू कर दिया है. एक्ट्रेस तस्वीर में अपने बेबी को ब्रेस्टफीड कराती नजर आ रही हैं.राधिका ने अपनी लाइफ के इस नए चैप्टर की शुरुआत को अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो के साथ शेयर किया है. तस्वीर में एक्ट्रेस लैपटॉप के सामने बैठी नजर आ रही हैं और उनकी गोदी में उनकी नन्ही की प्रिंसेस है जिसे वे ब्रेस्ट फीड कराती हुई नजर आ रही हैं. राधिका ने इस प्यापी तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, 卐जन्म के बाद अपने एक हफ्ते के बच्चे के साथ पहली वर्क मीटिंग. एक्ट्रेस ने ब्रेस्टफीडिंग, मदर एट वर्क, ए वैरी ब्यूटीफुल चैप्टर.इट्स ए गर्ल, गर्ल्स आर द बेस्ट जैसे हैशटैग भी यूज किए हैं. वही राधिका के मां बनने की खबर शेयर करने के बाद से फैंस और तमाम सेलेब्स उन्हें बधाई दे रहे हैं. एक्ट्रेस कोंकणा सेन शर्मा ने कमेंट बॉक्स में लिखा, बधाई हो माई लव, वेल डन. विजय वर्मा, दिव्येंदु शर्मा, मोना सिंह सहित तमाम सितारों ने भी एक्ट्रेस को मां बनने पर बधाई दी है.बता दें कि राधिका आप्टे ने साल 2012 में एक इंटीमेट फंक्शन में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड बेनेडिक्ट टेलर से शादी की थी. अभिनेत्री ने 2013 में ऑफिशियली तौर पर अपनी शादी की घोषणा की थी. वहीं शादी के 12 साल बाद एक्ट्रेस ने बेटी का वेलकम किया है।






## रकुल प्रीत ने मेघना गुलज़ार को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएँ दीं

लेखिका और निर्देशक मेघना गुलज़ार आज 51 साल की हो गई हैं। प्रशंसकों और मशहूर हस्तियों ने फ़िल्म निर्माता को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। इस अवसर पर, अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने फ़िल्म निर्माता को खुशहाल वर्ष की शुभकामनाएँ दीं और सैम बहादुर निर्देशक के लिए एक प्यारी जन्मदिन की शुभकामनाएँ लिखीं। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर दे दे प्यार दे अभिनेत्री ने लिखा, जन्मदिन की शुभकामनाएँ मेघना मैम! आपका यह ख़ास दिन आपके द्वारा बनाए गए पलों की तरह ही शानदार हो। आपको आने वाले साल की शुभकामनाएँ!रकुल प्रीत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर मेघना गुलज़ार की एक खूबसूरत तस्वीर साझा की, जिसमें वह नीली ड्रेस और मैचिंग चश्मा पहने नज़र आ रही थीं। मेघना गुलज़ार कवि और गीतकार गुलज़ार की बेटी हैं, जिन्होंने अपने करियर के दौरान कुछ व्यावसायिक और समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फ़िल्मों का निर्देशन किया है, और इंडस्ट्री में अपने लिए एक अलग पहचान बनाई है। 2002 में निर्देशन की शुरुआत करने से पहले, उन्होंने माचिस और हु तू तू जैसी फ़िल्मों में सहायक निर्देशक के रूप में काम किया। पिछले कुछ सालों में रिलीज़ हुई राज़ी और तलवार जैसी फ़िल्मों के साथ, उन्होंने खुद को देश के सर्वश्रेष्ठ निर्देशकों में से एक के रूप में स्थापित किया है। मेघना गुलज़ार की आखिरी निर्देशित फ़िल्म सैम बहादुर थी। इसमें फातिमा सना शेख, सान्या मल्होत्रा, नीरा काबी, एडवर्ड सोनेंब्लिक और मोहम्मद जीशान अय्यूब के साथ विक्की कौशल ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसे 2023 में रिलीज़ किया जाएगा।सेना में उनका करियर चार दशकों और पाँच युद्धों तक फैला रहा। वह फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत होने वाले पहले भारतीय सेना अधिकारी थे। मानेकशॉ, जिन्हें प्यार से सैम बहादुर कहा जाता था, ने 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारतीय सेना को जीत दिलाई, जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश का निर्माण हुआ। अपने सैन्य करियर में, मानेकशॉ ने 1947 के भारत-पाक युद्ध और 1948 में हैदराबाद की मुक्ति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सैम बहादुर में विक्की ने राज़ी के बाद मेघना गुलाज़ार के साथ दूसरी बार काम किया।





## भूल भुलैया 4' के साथ अक्षय कुमार की हो सकती है वापसी

'भूल भुलैया' फ्रैंचाइज़ की नवीनतम किस्त बॉक्स ऑफ़िस पर ज़बरदस्त सफल साबित हुई। अनीस बज़्मी द्वारा निर्देशित, कार्तिक आर्यन की फ़िल्म ने 150 करोड़ के बजट के मुक़ाबले 400 करोड़ से ज़्यादा की कमाई की। 'भूल भुलैया 3' की सफ़लता और फ्रैंचाइज़ की अपार लोकप्रियता के बाद, प्रशंसकों को उम्मीद है कि चौथी किस्त बड़ी और बेहतर होगी। तीसरी फ़िल्म की रिलीज़ के बाद से ही 'भूल भुलैया 4' के साथ अक्षय कुमार की वापसी की अफ़वाहें उड़ रही हैं।साथ अपनी हालिया बातचीत में, फ़िल्म निर्माता से पूछा गया कि क्या अक्षय चौथी फ़िल्म में कार्तिक के साथ वापसी कर सकते हैं। अनीस ने खुलासा किया कि वह इस विचार के लिए तैयार हैं और अगर स्क्रिप्ट अनुमति देती है तो वह ऐसा कर पाएँगे। दोस्ती, प्यार और हर चीज़ का एक बेहतरीन बंधन है। अगर कहानी फ़िट बैठती है, तो मुझे उन्हें वापस पाकर वाकई खुशी होगी।卐 अक्षय कुमार ने प्रियदर्शन के साथ फ्रैंचाइज़ की पहली फ़िल्म का नेतृत्व किया था। इसके बाद, कार्तिक आर्यन ने अनीस बज्मी के साथ निम्नलिखित फ़िल्मों का नेतृत्व किया। 'भूल भुलैया 4' कार्ड पर है। इसके अलावा, निर्माता ने अक्षय की वापसी की संभावना पर भी विचार किया। इंडिया टुडे के साथ पिछली बातचीत के दौरान, निर्माता ने इस बारे में बात की कि क्या कुमार और कियारा आडवाणी आगामी फिल्म में आर्यन के साथ शामिल हो सकते हैं। सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए, भूषण कुमार ने कहा, 卐हम देखेंगे। यह सब कहानी पर निर्भर करता है। सभी को एक साथ लाना तभी समझ में आता है जब कोई ठोस कहानी हो।卐 जब उनसे पूछा गया कि क्या यह संभव है, तो उन्होंने जवाब दिया, हाँ, जाहिर है।

# दिव्यांका त्रिपाठी ऐसे बनी टीवी की संस्कारी बहु



दर्शकों ने एक्ट्रेस को यादातर बहू के तौर पर पसंद किया है। दिव्यांका का जन्म 14 दिसंबर 1984 को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में हुआ था। उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर ग्लैमर इंडस्ट्री में एक अलग पहचान बनाई है।दिव्यांका त्रिपाठी नॉन फिल्मी बैकग्राउंड से हैं। वह अपने स्कूल में एनसीसी कैडेट थीं। साथ ही एक्ट्रेस ने उत्तराखंड के नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग से माउंटेनियरिंग का कोर्स किया है। दिव्यांका बचपन से ही आर्मी ऑफिसर बनना चाहती थीं। इसके लिए उन्होंने भोपाल राइफल एकेडमी से राइफल शूटिंग की ट्रेनिंग भी ली है। इसमें एक्ट्रेस गोल्ड मेडलिस्ट रह चुकी हैं।एक्ट्रेस रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी में भी फैंस को अपना दम दिखा चुकी हैं। एक्ट्रेस ने साल 2003 में मिस भोपाल का खिताब जीता था। इसके बाद दिव्यांका साल 2004 में द जी सिने स्टार्स की खोज नाम के टैलेंट हंट शो की विनर बनीं। एक्ट्रेस आर्मी ऑफिसर तो नहीं बन पाईं लेकिन उनका करियर टीवी की तरफ बढ़ गया था। दिव्यांका त्रिपाठी ने टीवी इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत दूरदर्शन के सीरियल से की थी।आपको बता दें कि दिव्यांका त्रिपाठी ने 8 जुलाई 2016 को विवेक दहिया से शादी की थी। इन दिनों उनके पति विवेक दहिया झलक दिखला जा 11 में अपने डांस का हुनर ??दिखा रहे हैं।



अपनी एक्टिंग से लोगों को इंप्रेस कर चुकीं टीवी की इशि मां (ने इन दिनों वेडिंग प्रिपरेशन में बिजी हैं. एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर शादी के घर की झलक दिखाई और बताया कि उन्हें बहुत मजा आ रहा है. इंस्टाग्राम पर वीडियो और तस्वीरें शेयर कर दिव्यांका ने कैप्शन में लिखा, मिलना मिलाना, साथ तैयारियां करना, साथ खाना, घर की शादी मतलब हर पल आनंददायक.

### शादी की तैयारियों में बिजी एक्ट्रेस

शेयर की गई तस्वीरों में से एक में वह अपने परिवार के साथ पोज देती तो दूसरी में अपने पति विवेक दहिया के साथ खड़ी नजर आई. एक वीडियो में दिव्यांका शादी में दिए जाने वाले तोहफों की लिस्ट बनाती दिख रही हैं, जिसमें उनके साथ फैमिली के अन्य लोग दिखाई दिए. दूसरी वीडियो में विवेक हॉर्स राइडिंग के लिए तैयार दिखे।


## भिलाई के धाबर्डे दंपति के भूमिका मे डॉ. बाबा साहब अंबेडकर पर केंद्रीय फिल्म 'रमाई' की मुंबई में हुई स्क्रीनिंग तैयार

संविधान के जनक कहे जाने वाले डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन संघर्ष में उनकी पत्नी रमाई की भूमिका पर फिल्म 'रमाई' बन कर तैयार हो चुकी है। फिल्म में डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन के अनसुने पहलुओं को दिखाया गया है। फिल्म की पहली स्क्रीनिंग मुंबई के क्यू लैब में रखी गई। इस फिल्म को देखने के बाद मौजूद लोग भावुक हो गए। फिल्म 'रमाई' के जरिए इस्पात नगरी भिलाई निवासी प्रेरणा धाबर्डे और सेवाभावी चिकित्सक डॉ उदय कुमार पहली बार बड़े पर्दे पर कदम रख रहे हैं। प्रेरणा धाबर्डे ने फिल्म में रमाई की केंद्रीय भूमिका निभाई है तो वहीं, डॉ उदय कुमार ने डॉ भीमराव अंबेडकर की भूमिका निभाई है। फिल्म में छत्रपति शाहू महाराज की भूमिका निभा रहे दिग्गज अभिनेता रजा मुराद, प्रेरणा और उदय के एक्टिंग से काफी प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि प्रेरणा और उदय ने फिल्म में एक्टिंग नहीं की है, बल्कि किरदार को जिया है। फिल्म के निर्माता कृष्णा चौहान और डायरेक्टर कबीर दा की तारीफ करते हुए रजा मुराद ने कहा- उन्होंने बहुत ही खूबसूरत फिल्म बनाई है। इस फिल्म के जरिए दर्शकों को डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन के अनसुने पहलुओं को जानने का मौका मिलेगा और यह फिल्म लोगों को प्रेरित करेगी।फिल्म में प्रेरणा धाबर्डे, डॉ उदय कुमार, रजा मुराद, ओमकार दास मानिकपुरी (नत्था),अशोक देवल, संजय बनसोडे और कैनल मुनेश्वर की मुख्य भूमिकाएं हैं। लंदन में बाबा साहेब के सहयोगी मित्र फेनी फिजरोल्ड की भूमिका प्रतिमा मिश्रा ने निभाई है। प्रेरणा फिल्म्स यूनिवर्सल के बैनर तले बनी इस फिल्म के निर्माता कृष्णा चौहान, सह-निर्माता प्रेरणा धाबर्डे हैं। इस फिल्म को कबीर दा ने डायरेक्ट किया है। फिल्म के कैमरामैन सुमित सन, आर्ट डायरेक्ट प्रवीण वासनिक, साउंड रिकॉर्डिस्ट बाबू ख़मीसा, एडिटर अलमास खान, म्यूजिक डायरेक्टर दिनेश अर्जुना और फिल्म के पीआरओ संजय भूषण पटियाला हैं।



## राजकपूर की 100वीं जयंती पर इमोशनल हुई रेखा

शुक्रवार की रात मुंबई में राज कपूर की 100वीं जयंती का भव्य जश्न मनाया गया. इस खास मौके पर बॉलीवुड सितारों और कपूर परिवार ने आइकॉनिक अभिनेता-निर्देशक को श्रद्धांजलि दी. राज कपूर, जिन्हें प्यार से भारतीय सिनेमा के शोमैन के रूप में याद किया जाता है उनकी 100वीं जयंती के जश्न को एक स्टार-स्टडेड कार्यक्रम के माध्यम से मनाया गया जो जितना दिल से था उतना ही ग्लैमरस भी था. इस इवेंट में पहुंची रेखा राजकपूर के पोस्टर्स को देखकर इमोशनल नजर आई.बीती रात राजकपूर की 100वीं जयंती के जश्न में रेखा ने एक बार फिर अपने अंदाज से महफिल लूट ली.इवेंट में रेखा गोल्डन ब्लाउज के साथ गोल्डन बॉर्डन वाली क्रीम कलर की साड़ी पहनकर पहुंची थीं.बालों में गजरा, माथे पर बिंदिया और कानों में गोल्ड झुमकों के साथ रेड लिप्स्टिक लगाए रेखा इस उम्र में भी बला की खूबसूरत लग रही थीं.इस दौरान आलिया भट्ट खुद रेखा को रिसीव करने के लिए पहुंची थी. तस्वीर में रेखा आलिया का हाथ थामे हुए नजर आ रही हैं.रेखा और आलिया भट्ट ने एक साथ पैप्स के लिए तस्वीरें भी क्लिक कराईं।




# पोषण मरु कूम्भ सूइयां स्नान मे पंच योग बनने पर 30 दिसंबर को भरेगा सुंइयां मेला

## सात साल बाद बन रहे पंच योग पर भरा जाएगा मेला

- लाखों श्रद्धालु करेंगे स्नान

♦भारत टाइम्स♦




**चोहटन/ डूंगर।** राठी बाड़मेर जिले के चौहटन उपखंड मुख्यालय पर अर्द्ध कुंभ के नाम से सुंईया मेला भरता है। ,2017 में यह मेला आयोजित हुआ था। सात साल बाद यह मेला आयोजित हो रहा है। इसकी विशेष बात यह है कि यह किसी विशेष तिथि या प्रतिवर्ष नहीं लगता है। जब पांच योग आपस में मिलते है तो इस मेले का आयोजन होता है। इस दौरान यहां पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और इस योग में यहां पर बहने वाले झरने के पानी से स्नान करते हैं। पिछली बार यह योग 2017 में बना था। सात साल बाद यह योग दुबारा बना है। चौहटन को देव नगरी के नाम से जाना जाता हैं। मान्यता है कि इस योग का पुण्य लाभ लेने के लिए अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने यहां 12 वर्ष व्यतीत किए लेकिन पांचों योग का संयोग बैठा ही नहीं। इस वजह से वे सुंईया में पावन स्नान नहीं कर पाए। ऐसे में कुपित पांडवों ने श्राप दिया कि इस युग में यह योग नहीं आ रहा है लेकिन कलयुग में ऐसे योग का इतना लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा और बार-बार आएगा। ऐसे में अब सन 1944 से लेकर अब तक 11 बार पंच योग बना है और अर्द्ध कुंभ सुंईया मेले का आयोजन हुआ। अब 12 वीं बार 30 दिसंबर को यह योग बन रहा है। इसको लेकर जिला व उपखंड प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। मेले के दौरान प्रशासन के आंकलन के अनुसार 12 से 15 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसी को लेकर ठहराव, स्नान स्थान सहित सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक अधिकारी जुटे हुए हैं।

### चौहटन पहाड़ी के छह स्थानों पर आमने-सामने 12 माह बहते हैं झरने।

चौहटन उपखंड मुख्यालय तीन तरफ से पहाड़ों से घिरा हुआ है। पहाड़ी के चारों तरफ देवी देवताओं के मंदिर है। तलहटी में डूंगरपुरी महाराज का मठ स्थित है। डूंगरपुरी महाराज के तपस्या स्थल के पास इंद्रभान तालाब बना हुआ है, जिसमें हमेशा पानी भरा रहता हैं। इसी के अंदर एक बेरी भी बनी हुई है। पहाड़ी में छह स्थानों पर झरने आमने-सामने बहते हैं। विशेष योग बनने पर मान्यता है कि इन झरनों से स्नान करने से सारे पाप धुल जाते हैं।

# कानपुर में छात्रा के अर्धनग्न शव का मामला

## वह काले कपड़ों में आया ,शारीरिक संबंध बनाए , हत्या की और चला गया

- शयन कक्ष से छात्रा का अर्धनग्न हत्या किया हुआ शव बरामद होने के बाद दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी पुलिस

♦भारत टाइम्स♦

**सुनील बाजपेई कानपुर।** कयहां महिलाओं की हत्या और उनके उत्पीड़न के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इसी क्रम में एक छात्रा की भी हत्या कर दी गई। उसका अर्धनग्न शव उसके ही शव उसके ही शयन कक्ष से बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस घटना की छानबीन करते हुए हत्यारे का पता लग रही है अब तक की छानबीन के मुताबिक हत्यारा काले कपड़े पहने हुए आया। चाय पी उसके साथ शादी संबंध बनाए। फिर छात्रा की हत्या की और चला गया। पुलिस को इस आशा की जानकारी छात्रा की नाबालिक भतीजी के बयान के आधार पर हासिल हुई है ,जिसके बाद पुलिस हत्यारों का पता लग रही है। जिसके लिए घटना में संदिग्ध माने जाने वाले दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की जा रही है। यह घटना शिवराजपुर थाना क्षेत्र में 12वीं की छात्रा के साथ हुई। जानकारी देते हुए एडिशनल सीपी हरीश चंदर ने बताया कि छात्रा का डॉक्टरों के पैनल से छात्रा के शव का पोस्टमार्टम और वीडियोग्राफी करने के बाद उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस बारे में मौके पर पहुंची पुलिस को छात्रा के पिता ने बताया कि घटना के समय वह बेटी को घर में अकेला छोड़कर करीब 4 बजे वह पत्नी के साथ कानपुर देहात के असालतगंज स्थित एक रिश्तेदार के घर शादी समारोह में गए थे। अकेले होने पर बेटी देर शाम पड़ोस में ही दूसरे घर में रहने वाले अपने बड़े भाई की चार साल की बेटी को घर ले आई थी। सुबह जब मासूम की मां उसे लेने पहुंची तो रोते हुए बेटी ने बुआ के न उठने की बात कही। मृतका की भाभी जब कमरे में पहुंची तो छात्रा का अर्धनग्न शव कमरे में चारपाई पर पड़ा था। पुलिस की पूछताछ में मासूम भतीजी ने पुलिस को बताया कि वह बुआ का फोन लेकर बिस्तर पर देख रही थी। बुआ दूसरे कमरे में थीं। यहां एक युवक काले कपड़े में आया था। उसके चेहरे पर कपड़ा बंधा हुआ था। पुलिस ने घर में चाय बनाने और पीने के मिले बर्तन देखकर यह आशंका जाहिर की कि घर पहुंचा युवक मृतका का परिचित था। पुलिस के अनुसार छात्रा की हत्या तकिया से मुंह दबाकर की गई। हत्यारे की तलाश लगातार की जा रही है।

# सन्तोष कुमार रिंकू प्रदेश अध्यक्ष विहार को संगठन किया पद मुक्त

- गोविंद यादव प्रदेश सचिव प्रभारी गोरखपुर मंडल को पद मुक्त किया गया संगठन ने निम्न उक्त पदो पर नये सक्रिय पदिधिकिरियो को जिम्मेदारी दी गयी है

♦भारत टाइम्स♦

**विमल कुमार/फरुर्खाबाद।** राष्ट्र सशक्तिकरण मंच अराजनैतिक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल कुमार सिंह ने संगठन के कुछ पदाधिकारियो के संगठन के प्रति कर्तव्य निष्ठा व संगठन विस्तार मे निष्क्रीय होने के कारण व संगठन मे अनुशासन हीतना को देखते हुए सन्तोष कुमार (रिंकू )पुत्र बच्चन चतुर्वेदी ग्राम व पोस्ट मोहनिया विहार को राष्ट्रीय अध्यक्ष की स्वीकृती से संगठन मे प्रदेश अध्यक्ष पद से पद मुक्त किया जाता है।साथ ही अंकित कुमार मीना राष्ट्रीय सचिव/ प्रभारी राजस्थान प्रदेश, कृष्ण कुमार राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी राजस्थान को पद मुक्त किया गया, राहुल यादव प्रदेश सचिव प्रभारी आजमगङ मंडल, गोविंद यादव प्रदेश सचिव प्रभारी गोरखपुर मंडल को पद मुक्त किया गया संगठन ने निम्न उक्त पदो पर नये सक्रिय पदिधिकिरियो को जिम्मेदारी दी गयी है यदि उक्त लोग यदा संगठन के पद का उपयोग किसी जगह करते है तो उसके जिम्मेदार ये लोग खुद होगे न कि संगठन यदि उक्त लोग अपने पद का प्रयोग करते है तो उनके जिले के सम्बन्धित थाने मे सूचना देकर उक्त लोगो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जायेगी।


# स्वर्वेद महामंदिर धाम पर उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

## हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने किया स्वर्वेद महामन्दिर का दर्शन

- स्वर्वेद महामंदिर के समीप गाजीपुर हाइवे (NH-31) पर बनी रही जाम की स्थिति

♦भारत टाइम्स♦

**वाराणसी** - अपनी अनूठी कलाकृतियों और आध्यात्मिक साधना की बदौलत प्रसिद्धि को प्राप्त हो रहे वाराणसी के उमरहाँ गाँव में स्थित स्वर्वेद महामंदिर धाम पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु आकर दर्शन लाभ प्राप्त कर रहे हैं। रविवार को श्रद्धालुओं का जनसैलाब महामंदिर पर उमड़ पड़ा और हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने महामंदिर का दर्शन लाभ प्राप्त किया। गतवर्ष 18 दिसम्बर 2023 को भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने इस महामंदिर का लोकार्पण कर कहा था कि यह स्वर्वेद महामंदिर अध्यात्म, इतिहास और संस्कृति का जीवंत उदाहरण है। जबसे इस मंदिर का लोकार्पण हुआ है श्रद्धालुओं के आने का शिलशिला बढ़ता ही जा रहा है। प्रतिदिन 10 से 15 हजार श्रद्धालु स्वर्वेद मंदिर पहुँचकर दर्शन लाभ प्राप्त कर रहे हैं। 15 दिसम्बर रविवार को 20 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने महामंदिर का दर्शन किया। महामंदिर समिति के द्वारा प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक दर्शन का समय निर्धारित किया गया है। इस बीच सभी श्रद्धालु मंदिर का दर्शन कर सकते हैं। साथ ही जो लोग विहंगम योग की ध्यान साधना पद्धति सीखना चाहते हैं उनको प्रतिदिन निःशुल्क ध्यान साधना सिखाई जाती है।



# कलाकार महालक्ष्मी शेनॉय द्वारा गायन की प्रस्तुति




♦भारत टाइम्स♦

**वाराणसी।** रविवार को दीन दयाल हस्तकला संकुल में वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार एवं सुबह ए बनारस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत कर्नाटक की कलाकार महालक्ष्मी शेनॉय द्वारा गायन की प्रस्तुति हुई , कार्यक्रम का आरंभ राग रागेश्री से जिसके बोल थे, सावरे सरोरे से नेह लागे उसके बाद कबीर भजन- मन मेरो यार लाग्यो फकीरी में व गुरु बिन कौन बताए बाट अंत में मीरा भजन- नाची रे मीरा दरश बिना से कार्यक्रम का समापन किया ' तबले पर पं अभिषेक मिश्र व हार्मोनियम पर हर्षित उपाध्याय ने संगत की ' कार्यक्रम का समन्वय रहा डॉ रत्नेश वर्मा का एवं कार्यक्रम का संचालन किया ललिता शर्मा ने।इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ दीन दयाल हस्तकला संकुल परिवार की ओर से अजय श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कलाकारों का स्वागत श्री गोपेश मौर्य सहायक निदेशक हस्तकला संकुल द्वारा किया गया ।अंत में कलाकारों को प्रमाण पत्र प्रदान किया ' अजय श्रीवास्तव ने ।

# पिछड़ा आयोग के सदस्य सत्येन्द्र बारी के नेतृत्व में बारी समाज के युवाओं ने असम और मणिपुर के राज्यपाल का भव्य स्वागत किया



♦भारत टाइम्स♦

**वाराणसी।** रविवार को काशी की धरती पर एक भव्य समारोह आयोजित किया गया।जिसमें पिछड़ा आयोग के सदस्य सत्येन्द्र बारी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में बारी समाज के युवाओं ने असम और मणिपुर के संयुक्त राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य का भव्य स्वागत किया। यह स्वागत समारोह काशी की धरती पर एक महत्वपूर्ण आयोजन था। जिसमें बारी समाज के युवाओं ने अपनी एकता और सामाजिक समरसता का प्रदर्शन किया।

# अजय सोनकर को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया

♦भारत टाइम्स♦

**वाराणसी।** बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष जितेंद्र यादव मलिक द्वारा अजय सोनकर पुत्र गोविन्द सोनकर को वाराणसी जिले का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। गोविन्द सोनकर अपनी सक्रियता से सोनकर समाज में अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों के अधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध है।उनकी कार्यशैली एवं और सामाजिक मुद्दों पर गहरी समझ को देखते हुए यह जिम्मेदारी दी गई है।इस नियुक्ति पर जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों और पार्टी कार्यकताओं ने खुशी जाहिर की। जितेंद्र यादव मलिक ने कहा अजय सोनकर की नियुक्ति से पार्टी में नया उत्साह और गति आएगी।।



# दी लायर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक भव्य कार्यक्रम

♦भारत टाइम्स♦

**रामनगर।** दी लायर्स एसोसिएशनर द्वारा आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में प्रत्याशी परिचय समारोह एवं वन विहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दी बनारस बार एसोसिएशन एवं दो सेन्ट्रल बार एसोसिएशन में चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों ने अपना परिचय दिया और अधिवक्ता हित में कार्य करने में अपना सहयोग करने का आश्वासन दिया।इस कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश पाठक ने किया, जबकि अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष राम कुमार यादव ने की। इस अवसर पर कई सम्मानित अधिवक्ता, जिनमें लक्ष्मेश्वरनाथ शर्मा, विध्नेश्वर चौरसिया, आजम सिद्धक्की, योगेश केशरी, अभय, श्रीवास्तव, सुरेन्द्र यादव, पंकज यादव, अब्दुल सत्तार, प्रशान्त सिंह, अजीत प्रजापति, गजानन्द यादव, विकाश तिवारी, अवधेश मौर्य, विष्णु श्रीवास्तव, विनय मौर्या शामिल थे।




# पंडित फकीर चंद्र शर्मा को सक्रिय सदस्य बनने पर पूर्व मंत्री डॉ.कमल गुप्ता ने किया सम्मानित

♦भारत टाइम्स♦

**हरियाणा/हिसार (गरिमा)।** पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता आज पार्टीजनो के साथ नागोरी गेट स्थित पार्टी के वरिष्ठ नेता पंडित फकीर चंद शर्मा की दूकान पर पहुँच कर,पार्टी का सक्रिय सदस्य बनने पर उन्हें शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ने कहा की वे भारतीय जनसंघ के समय से ही पार्टी मे निरंतर सक्रिय है। उन्होंने पार्टी मे अनेको महत्व पूर्ण दायित्वों का सफलता पूर्वक निर्वहन किया है। पार्टी के वरिष्ठतम कार्यकर्ताओ मे से एक है। आज भी बड़ी आयु होने के बावजूद भी पार्टी संघठन मे पूर्णतया सक्रिय है। डॉ. कमल गुप्ता ने कहा की 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा मे हम निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।सदस्यता अभियान इस दिशा मे एक महत्व पूर्ण कड़ी है। उन्होंने पूर्ण निष्ठा और समर्पण भाव से सदस्यता अभियान मे लगे पार्टीजनों की प्रशंसा की।उन्होंने कहा की पार्टी के 50 सदस्य बनाने वालो को ही पार्टी का सक्रिय सदस्य बनाने पर पार्टी इस पर विचार करेगी। पार्टी की संघठनात्मक जिम्मेवारिया भी इसी पर आधारित होंगी। वहीं सक्रिय सदस्य बनने पर पंडित फकीर चंद शर्मा ने कहा की मैं दुबारा पार्टी का सक्रिय सदस्य बनने पर गौरन्वित महसूस कर रहा हूं। अंतिम सांस तक पार्टी की सेवा करता रहूँगा। भारतवर्ष मेरे जीवन काल में विश्व गुरु बने व विश्व के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचे,यही मेरी आत्मिक इच्छा है। मीडिया प्रभारी सुरेश गोयल धुप वाला ने बताया की इस अवसर पर प्रोफसर मनदीप मलिक,राम चंद्र गुप्ता, डॉ. वैभव बिदानी, लोकेश असिजा, कृष्ण बिश्नोई, धर्मवीर पानू आदि उपस्थित रहे।



# राज्य प्रबंध समिति वर्ष 2024-25 का गठन करने हेतु बैठक आयोजित



♦भारत टाइम्स♦

**नारायणपुर छत्तीसगढ़ (गोलू मरकाम )।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा नारायणपुर में राज्य शाखा के निदेर्शानुसार कलेक्टर श्री बिपिन मांझी की अध्यक्षता में राज्य प्रबंध समिति वर्ष 2024-25 का गठन करने हेतु जिला कार्यालय कलेक्टर के सभा कक्ष में 13 दिसम्बर को बैठक आयोजित किया गया, जिसमें कुल 33 आजीवन सदस्य उपस्थित हुये। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा नारायणपुर में जिला प्रबंध समिति के सदस्यो का चयन किया गया है, जिसमें चेयरमेन पद पर श्री कमलजीत आहुजा, वाईस चेयरमेन श्री संजयनंदी, कोषाध्यक्ष श्री पंकज जैन तथा राज्य प्रबंध समिति हेतु श्री नरेन्द्र मेश्राम की सर्वसम्मिति से निर्विरोध निर्वाचित किया गया, जिनका कार्यकाल 03 वर्ष का होगा।

# सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का होता है समाधानः सीएम योगी

## विधानसभा अध्यक्ष की मौजूदगी में हुई सर्वदलीय बैठक में शामिल हुए विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता





- प्रदेश में सोमवार से शीतकालीन सत्र की शुरू होगी कार्यवाही, सीएम ने सदन के कुशल संचालन के लिए सभी दलों से मांगा सहयोग

### सदन के संचालन में न हो कोई बाधा, सभी रखें इसका ध्यान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्वदलीय बैठक में कहा कि सदन सार्थक चर्चा का माध्यम होता है। इससे ही प्रदेश के विकास कार्यों को रफ्तार मिलती है। साथ ही समस्याओं का समाधान होता है। सदन के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न हो, सभी को इसका ध्यान रखना चाहिये। सदन को ज्यादा से ज्यादा समय तक संचालित किया जाए, इसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास में योगदान देने के लिए सभी दलों के नेताओं को भी प्रयास करने चाहिए।

♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ सर्वदलीय बैठक की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की मौजूदगी में हुई बैठक में सीएम योगी ने कहा कि सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान होता है। हम सभी जनप्रतिनिधि हैं, हमें जनता के मुद्दों, उनकी समस्याओं को लेकर सदन में सुचारू रूप से चर्चा करनी चाहिए। मुख्यमंत्री व विधानसभा ने सदन के कुशल संचालन के लिए सभी दलों का सहयोग मांगा।

### यह रहे सर्वदलीय बैठक में उपस्थित

इस अवसर पर वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, कांग्रेस विधायक अनुराधा मिश्रा मोना, जनसत्ता दल के रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया, अनिल त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# लोक अदालत में जिविसेप्रा झाबुआ के स्टॉल का भव्य शुभारंभ




♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी। झाबुआ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुक्रम में राविसेप्रा जबलपुर के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप 14 दिसंबर 2024 को आयोजित वर्ष 2024 की अंतिम लोक अदालत में न्यायालय परिसर झाबुआ में जनसामान्य को जागरूक करने हेतु जिविसेप्रा झाबुआ की स्टॉल लगाई गई है। जिविसेप्रा की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती विधि सक्सेना द्वारा उक्त स्टॉल का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। जिविसेप्रा की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती विधि सक्सेना की प्रेरणा पर लोक अदालत में न्यायालय परिसर झाबुआ में लगाई गई स्टॉल में जनसामान्य को जागरूक करने हेतु लोक कल्याणकारी योजनाओं के बैनर लगाये गये है। विधिक सेवा योजनाओं के पेम्पलेट निःशुल्क वितरण हेतु रखे गये है, साथ ही लोगो को जागरूक करने हेतु स्थानीय भीली भाषा में रिकार्ड किये गये गीतो का प्रसारण भी किया जा रहा है। जनसामान्य तक पहुंच सुनिश्चित करने हेतु स्थानीय व्यक्तियों द्वारा जिविसेप्रा झाबुआ के स्टॉल के शुभारंभ पर लोक नृत्य की भव्य प्रस्तुति दी गई। जिविसेप्रा झाबुआ के स्टॉल शुभारंभ कार्यक्रम में झाबुआ के पुलिस अधीक्षक श्री पदम विलोचन शुक्ल उपस्थित रहे। इसके साथ-साथ लोक अदालत के नोडल अधिकारी श्री विवेक सिंह रघुवंशी , विशेष न्यायाधीश व न्यायाधीश आर.के. शर्मा, सुभाष सुनहरे, हेमन्त सिंह, गौतम सिंह मरकाम, वी.पी.एस. चौहान, सुश्री साक्षी मसीह, बलराम मीणा के साथ-साथ अध्यक्ष अभिभाषक संघ दीपक भण्डारी, अन्य अभिभाषकगण, एलएडीसीएस अधिवक्ता रूपेश शर्मा, शिवम वर्मा व विश्वास शाह, बैंको के अधिकारीगण, बीमा कंपनी के अधिकारीगण, मध्यप्रदेश विद्युत वितरण के अधिकारीगण, नगर पालिका, बी.एस.एन.एल. के अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिविसेप्रा की ओर सागर अग्रवाल डीएलओ, गिलदारसिंह, दिनेश हिहोर, प्रतापसिंह डामोर, मोहनसिंह कटारा, संजय बसौड़ व उमेश खपेड़ द्वारा स्टॉल स्थापित करने में सहयोग किया गया। स्टॉल के शुभारंभ पर समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण व ऑफिस स्टॉफ मौजूद रहे।

# संस्कृति व धरोहर संरक्षण के लिए हर सनातनी को योद्धा बनना होगा. कृष्णा नन्द पाण्डेय



♦भारत टाइम्स♦

**गाजियाबाद।** धरोहर संरक्षण सेवा संगठन ह्ल द्वारा सनातन विस्तार के उद्देश्य को लेकर अनवरत चल रहे ह्ल संस्कृति संवाद यात्रा ह्ल की बैठक का ( 20वाँ पड़ाव ) चमन विहार, लोनी गाजियाबाद मे आयोजित हुआ, कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री जनार्दन पाण्डेय ने किया। मुख्य वक्ता संगठन के प्रमुख संयोजक कृष्णा नन्द पाण्डेय ने कहा कि जिन सभ्यताओ ने अपनी संस्कृति व धरोहर की रक्षा के लिए योद्धा नहीं तैयार किए उनकी संस्कृति व धरोहर नष्ट हो गयी, अपने पड़ोसी देश बांग्लादेश मे हिंदुओ के साथ जो बर्बरता हो रहा है उससे मानवता मानवता शर्मसार हो रही है, इस शर्मनाक कृत्य से बचने के लिए हर सनातनी को साधक के साथ योद्धा बनना होगा ।

**शस्त्र व शास्त्र दोनों मे पारंगत हर सनातनी-** होगा तभी मानवता की रक्षा हो पाएगी ,अभी समय है अवसर है, हर सनातनी को अपनी सुरक्षा के बारे मे सोचने का, भारत का हर सनातनी हिन्दू जब योद्धा बनेगा तभी सनातन संस्कृति का विस्तार होगा यह कहना अतिशयोक्ति नहीं हैं कि सनातन ही मानवता का रक्षक है ,सनातन संस्कृति को जन जन तक पहुँचाना होगा हमारी परम्पराएँ ही पूरी दुनिया को सुख की अनुभूति कराती है, सनातन संस्कृति विश्व का कल्याण हो का उद्घघोष करती है , ऐसी परम्परा , संस्कृति की रक्षा के लिए हमे अपने सर्वोच्च बलिदान के लिए तैयार रहना होगा। सनातन समाज को संगठित होकर अपनी संस्कृति के विस्तार करने का समय आ गया है । कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से सर्वश्री लालमणि पाण्डेय, बी.सी.पाठक, कुलदीप डेढा, इन्द्रमणि पाण्डेय, राम निवास तिवारी सभासद, राकेश जी,विकास दुबे,सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन राजेश तिवारी ( ज़िला उपाध्यक्ष-युवा राष्ट्रीय लोक दल ) व बबलू तिवारी ने किया, कुशल संचालन श्री डी.डी पाठक ने किया , कार्यक्रम का समापन सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ से हुआ ।

# थाना तेलीबांधा क्षेत्रांतर्गत गांजा बिक्री करते आरोपी संजू उर्फ संजय मराठा गिरफ्तार



♦भारत टाइम्स♦

**विवरण।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री लाल उमेन्द सिंह द्वारा नशे के विरूद्ध चलाये जा रहे निजात अभियान के तहत अवैध प्रतिबंधित मादक पदार्थो सहित प्रतिबंधित नशीली टेबलेट एवं सिरप तथा सूखे नशे के तस्करी, खरीदी-बिक्री, नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम रायपुर के नेतृत्व में 11 सदस्यीय Anti Narcotics Task Force टीम का गठन किया गया है। जिसमें उक्त टीम को End to End एवं फाइनेंशियल इनवेस्टिगेशन, सोर्स प्वाइंट, डेस्टिनेशन प्वाइंट पर प्रभावी कार्यवाही करने सहित स्त्रोत के बारे में विस्तृत जानकारी लेकर उनके विरूद्ध विधिसंगत विधिवत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में दिनांक 14.12.24 को एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को सूचना प्राप्त हुई कि थाना तेलीबांधा क्षेत्रांतर्गत ग्रीन लाईट ढाबा के पास 01 व्यक्ति दोपहिया वाहन गांजा रखा है तथा बिक्री कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तेलीबांधा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये वाहन एवं हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम संजू उर्फ संजय मराठा निवासी तेलीबांधा रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी संजू उर्फ संजय मराठा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4.200 किलोग्राम गांजा, नगदी ब्रिकी रकम 48,000 रुपए तथा प्रकरण से संबंधित दोपहिया वाहन क्रमांक सी जी/04/क्यू ए/8783 जुमला कीमती लगभग 1,70,000/- रुपए जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना तेलीबांधा में अपराध क्रमांक 817/24 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। गिरफ्तार आरोपी - संजू उर्फ संजय मराठा पिता मधुकर राव मराठा उम्र 40 साल निवासी काशीराम नगर थाना तेलीबांधा रायपुर।

# आज बदले मार्ग से जैसलमेर आएगी रूणिचा एक्सप्रेस

**जोधपुर।** जयपुर मंडल पर तकनीकी कार्यो हेतु ट्रैफिक ब्लॉक लिए जाने के कारण दिल्ली-जैसलमेर रूणिचा एक्सप्रेस सोमवार को परिवर्तित मार्ग से संचालित की जाएगी। जोधपुर मंडल के सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा के अनुसार जयपुर मंडल पर नीमकाथाना-मावंडा स्टेशनों के मध्य समपार फाटक संख्या-72 पर आरयूबी निर्माण कार्य हेतु ट्रैफिक ब्लॉक लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त कार्य के कारण ट्रेन 14087,दिल्ली-जैसलमेर रूणिचा एक्सप्रेस जो 16 दिसंबर को दिल्ली से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-लोहारू-सादुलपुर-चुरू-रतनगढ़-डेगाना होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में वह लोहारू,सादुलपुर,चुरू व रतनगढ़ रेलवे स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

# पाली में एसपी चूनाराम जाट के कड़े निर्देश पर मिली पुलिस को सफलता

♦भारत टाइम्स♦

**पाली।** जिले में अपराध और अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट के नेतृत्व में लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में रानी थाना पुलिस ने नाडोल कस्बे में नाकाबंदी के दौरान जैन ट्रेवल्स की एक बस से यात्रा कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया, जो अवैध हथियारों की तस्करी में लिप्त थे। पुलिस ने मौके पर ही उनके पास से भारी मात्रा में अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए।

**मुखबिर की सूचना से हुई बड़ी कार्रवाई-** पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट ने बताया कि जिले में अवैध हथियारों की तस्करी, खरीद-फरोख्त और परिवहन जैसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सभी थानाधिकारियों को विशेष निर्देश जारी किए गए थे। बाली वृत के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चैनसिंह महेचा और उप अधीक्षक राजेश यादव के निर्देशन में रानी थाना प्रभारी पन्ना राम के नेतृत्व में यह बड़ी कार्रवाई अंजाम दी गई। 15 दिसंबर को नाडोल कस्बे में आशापुरा मंदिर के पास नाकाबंदी के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि इंदौर से जोधपुर जा रही जैन ट्रेवल्स की एक बस में दो युवक हथियारों के साथ यात्रा कर रहे हैं।

**नाकाबंदी में पकड़े गए तस्कर-** मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बस को रोका और तलाशी ली। बस में बैठे दो युवकों की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम अशोककुमार (21), निवासी भादुओं की बेरी, कातरला, बाड़मेर और अशोककुमार (24), निवासी कोजा, बाड़मेर बताया। तलाशी के दौरान उनके पास एक बैग से 9 एमएम की पिस्टल, 7.65 एमएम की दो पिस्टल, एक पिस्टल मैग्जीन और 7.65 एमएम के 25 जिंदा कारतूस बरामद हुए।

**पाली पुलिस का सख्त संदेश-** एसपी चूनाराम जाट ने कहा, पाली जिले में अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। हमारा उद्देश्य आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय पैदा करना है। जिले में अपराधियों के बीच मचा हड़कंप- पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों के बीच खलबली मच गई है। जिले के लोगों ने पुलिस के इस प्रयास की सराहना की है और इस कार्रवाई को अपराधियों पर एक बड़ा प्रहार माना है। एसपी चूनाराम जाट की सक्रियता और रानी थाना पुलिस की मुस्तैदी से पाली जिले Srin अपराधियों पर लगातार शिकंजा कसता जा रहा है।

### हथियार तस्करी का बड़ा खुलासा

*गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने मौके पर ही सभी हथियार जब्त कर लिए। पुलिस अधीक्षक जाट ने बताया कि इन हथियारों की तस्करी के पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि ये हथियार कहां से आए और इन्हें कहां सप्लाई किया जाना था।*

# शादी समारोह में गया था पूरा परिवार,घर से हुई लाखों की चोरी,जांच में जुटी पुलिस

## पीछे से घर में घुसे चोरों ने ताला तोड़कर लाखों के आभूषण व नगदी चुराकर ले गए



♦भारत टाइम्स♦

**बलिया।** बैरिया थाना क्षेत्र के देवकी छपरा गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक परिवार शादी समारोह में गया था और उनके घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये के आभूषण व नगदी चोरी कर लिए।पीड़ित परिवार ने बैरिया थाना में रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।बैरिया थाना क्षेत्र के देवकी छपरा गांव निवासी स्वर्ण व्यवसायी/ग्रामपंचायत सदस्य प्रेम सोनी ने बताया कि बीते 14 तारीख शनिवार को हमारी भतीजी की शादी बलिया के वृंदावन लाज से होना था।जिसमे शनिवार की शाम छह बजे से पूरा परिवार बलिया के लिए रवाना हो गया।रविवार की सुबह जब हम लोग मकान का मुख्य दरवाजा खोलकर अन्दर पहुंचे तो देखा कि सभी कमरों के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है।

जब कमरे के अंदर पहुंचे तो कमरे में रखे अलमारियां टूटी हुई थी,और आलमारियों के लाकर में रखे सोने-चांदी के आभूषण गायब थे। पीड़ित ने बताया कि आलमारियों में चांदी के पुराने बिछुआ,पायल,अंगूठी,सिकड़ी तथा सोने के दैनिक उपयोग वाले आभूषण जिसमे बाली,टप्स,अंगूठी,चेन आदि आभूषण महिलाएं अलमारी के लाकर में रखकर विशेष अवसरों पर पहनने वाला सोने आभूषण पहनकर शादी में गयी थी। बताया कि हमारी रिस्तेदारी की सभी बहन बेटियां आयी है। और उनका दैनिक उपयोग वाला आभूषण भी घर पर ही था।

# पार्टी किंग साहिल सोंधी का दिखेगा 12 जनवरी को मुजफ्फरनगर मे जलवा

♦भारत टाइम्स♦

**हरियाणा/हिसार। (गरिमा)।** नई दिल्ली के हैंग ओवैर नाईट पार्टी किंग कहलाये जाने वाले साहिल सोंधी अपनी मॉडलस टीम के साथ 12 जनवरी 2025 को मुजफ्फरनगर मे जलवा बखेरेंगे,जानकारी के अनुसार हैंग ओवैर नाईटस पार्टी किंग साहिल सोंधी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया की आगामी 12 जनवरी 2025 को उत्तरप्रदेश के मुजफ्फरनगर मे आयोजित दैनिक अमन के सिपाही समाचार पत्र के 31 वे स्थापना दिवस समारोह एवम पत्रकार महासम्मेलन मे अपनी मॉडलस टीम के साथ शिरकत करेगे।और कार्यक्रम मे रंग जमायेगे।



# विधानसभा सत्र कल से:कर्ज पर सरकार से श्वेत-पत्र की मांग; खाद संकट, ड्रग्स तस्करी और कानून व्यवस्था पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

**भोपाल।** विधानसभा का शीत सत्र सोमवार से शुरू होने जा रहा है। इस सत्र में विपक्ष राज्य सरकार को सदन के भीतर और सदन के बाहर दोनों जगह एक साथ घेरने जा रहा है। सदन के बाहर पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में विधानसभा के घेराव करने की तैयारी है। इसके लिए सभी बड़े नेता अपने समर्थकों से 16 दिसंबर को भोपाल पहुंचने की अपील जारी कर चुके हैं।

वहीं सदन के अंदर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक प्रदेश में खाद संकट, ड्रग्स तस्करी, कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को घेरेंगे। विपक्ष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विदेश यात्रा के दौरान निवेश प्रस्तावों और प्रदेश पर कर्ज की स्थिति को लेकर श्वेत पत्र की मांग करेगा।

राज्य सरकार जनकल्याण पर्व और सुशासन पर्व मनाने जा रही है, विपक्ष सुशासन के मुद्दे पर लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू में दर्ज 274 भ्रष्टाचार के केसों में राज्य सरकार द्वारा अभियोजन की मंजूरी नहीं दिए जाने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाएगी। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक पिछले विस सत्र में कांग्रेस ने जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार की जांच की मांग की थी, जिस पर विधानसभा में जांच का आश्वासन दिया गया था, विपक्ष फिर से इस मुद्दे को उठाएगी और सरकार से जांच रिपोर्ट की मांग करेगा।



**सालभर बाद भी चीफ व्हिप की नियुक्ति नहीं-** नई विधानसभा के गठन को पूरा एक साल बीत चुका है, नेता प्रतिपक्ष की ओर से अभी तक विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल का मुख्य सचेतक (चीफ व्हिप) और सचेतक ही नियुक्ति नहीं किया है। मुख्य सचेतक ही सदन में पार्टी लाइन को लेकर विधायकों को व्हिप जारी करता है, जिसका उल्लंघन करने पर उनकी सदस्यता तक चली जाती है। कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ विधायकों समेत 15 विधायक ऐसे हैं, जिन्हें विधानसभा की किसी भी समिति में शामिल नहीं किया गया है। ये सभी विधायक नेता प्रतिपक्ष ने नाराज बताए जाते हैं। इनमें पूर्व सीएम कमलनाथ, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह समेत 3 सवर्ण, 2 एससी, 3 ओबीसी और 7 आदिवासी वर्ग के विधायक हैं।

**कांग्रेस विधायक दल की बैठक आज-** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने रविवार शाम को कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई है। इस बैठक में सभी 64 विधायकों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने को कहा गया है। होटल पलाश में रखी गई इस बैठक में कांग्रेस की आक्रामक रणनीति और रूपरेखा के बारे में विधायकों को जानकारी दी जाएगी।

# महाकुम्भ में 100 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था कर रही सरकारः मुख्यमंत्री

## सीएम योगी ने एक समाचार पत्र समूह की तरफ से आयोजित दिव्य महाकुम्भ-2025 कार्यक्रम में की शिरकत

- 46 वर्ष पहले जिन दरिंदों ने संभल के अंदर नरसंहार किया, उन्हें आज तक सजा क्यों नहीं मिली: योगी
- संभल में इतना प्राचीन मंदिर, बजरंग बली की प्राचीन मूर्ति व ज्योतिर्लिंग रातों रात नहीं आई, इस मंदिर ने वास्तविकता को सबके सामने रख दिया: मुख्यमंत्री, बोले-भारत की विरासत के प्रति बोलने वालों को मिलती है धमकी






### प्रयागराज का भी हो रहा कायाकल्प, पहली बार संगम में होंगे पक्के घाट व रिवर फ्रंट

*सीएम ने कहा कि प्रयास है कि इसी बहाने प्रयागराज का कायाकल्प हो। पहली बार संगम में पक्के घाट के दर्शन होंगे। पहली बार गंगा नदी पर रिवर फ्रंट देखने को मिलेगा। संगम का जल निर्मल व अविरल भी होगा। अक्षयवट कॉरिडोर में श्रद्धालु वर्ष भर दर्शन कर सकेंगे। सरस्वती कूप का कॉरिडोर बनकर तैयार हो गया है। बडे.हनुमान जी मंदिर, महर्षि भारद्वाज आश्रम कॉरिडोर बनकर तैयार हो गया। श्रृंगवेरपुर में भी भगवान राम व निषादराज की गले मिलते हुए 56 फीट ऊंची मूर्ति व कॉरिडोर का लोकार्पण पीएम के करकमलों से हो चुका है। प्रयागराज के एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन का कायाकल्प हो रहा है। 216 से अधिक मार्ग ऐसे हैं, जो सिंगल से डबल, डबल से फोरलेन, फोर लेन से सिक्सलेन कराए जा रहे हैं।*

♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ के 45 दिन (13 जनवरी से 26 फरवरी) में 40 करोड़ श्रद्धालु आएंगे, लेकिन तैयारी 100 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए होगी। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर मुख्य मुहूर्त में प्रयागराज में छह करोड़ श्रद्धालु स्नान करेंगे, लेकिन तैयारी 10 करोड़ की होगी। 12 किमी. के घाट तैयार किए जा रहे हैं। 10 हजार एकड़ क्षेत्रफल में कुम्भ का विस्तार किया गया है। यहां चार धाम के भी दर्शन होंगे। द्वादश ज्योतिर्लिंग व अन्य प्रमुख ज्योतिर्लिंग के भी दर्शन होंगे। प्रयागराज कुम्भ, खोया-पाया के बारे में एआई टूल, भाषिणी ऐप के माध्यम से भारत की 11 भाषाओं को समाहित करते हुए हर व्यक्ति अपनी भाषा में जानकारी प्राप्त कर सकेगा। कुम्भ में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति की काउंटिंग भी सरकार के पास होगी। जीरो लिक्विड डिस्चार्ज, 1.50 लाख शौचालय, सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री कुम्भ होगा। महाकुम्भ यूपी के आर्थिक समृद्धि के रोडमैप को आगे बढ़ाने में मार्गदर्शक होगा। सीएम योगी ने एक समाचार पत्र समूह की तरफ से आयोजित दिव्य महाकुम्भ-2025 कार्यक्रम में शिरकत की। सीएम ने संभल के मुद्दे पर भी बेबाकी से राय रखी।

**46 वर्ष पहले जिन दरिंदों ने संभल के अंदर नरसंहार किया, उन्हें आज तक सजा क्यों नहीं मिली-** सीएम योगी ने कहा कि कल संसद में चर्चा संविधान पर हो रही थी और मुद्दा संभल का उठ रहा था। इन्हीं के समय में 46 वर्ष पहले संभल में जिस मंदिर को बंद कर दिया गया, वह मंदिर फिर से सबके सामने आ गया और इनकी वास्तविकता को सबके सामने प्रस्तुत कर दिया। संभल में इतना प्राचीन मंदिर, बजरंग बली की प्राचीन मूर्ति व ज्योतिर्लिंग रातों रात तो नहीं आई। उन्होंने कहा कि 46 वर्ष पहले जिन दरिंदों ने संभल के अंदर नरसंहार किया था, उन्हें आज तक सजा क्यों नहीं मिली। संभल में जिनकी निर्मम हत्या हुई, उन निर्दोषों का क्या कसूर था। जो भी सच बोलेगा, उसे धमकी दी जाएगी, मुंह बंद कराने का प्रयास होगा। यह लोग कुम्भ के बारे में भी दुष्प्रचार का कुत्सित प्रयास करेंगे।

**जिसने भी 2019 कुम्भ देखा, लगा होगा कि यहां लीक से हटकर कार्य हुआ-** सीएम योगी ने कहा कि जिसने भी 2019 का कुम्भ देखा, उन्हें लगा होगा कि यहां लीक से हटकर कार्य हुआ है। पहली बार प्रयागराज में स्वच्छ-सुरक्षित व सुव्यवस्थित कुम्भ देखने को मिला। जो कुम्भ गंदगी, भगदड़, अव्यवस्था, असुरक्षा का प्रतीक बन गया था, वही प्रयागराज कुम्भ 2019 में दिव्य-भव्य बना। सुरक्षा, सुव्यवस्था और स्वच्छता का मानक गढ़ा था। स्वच्छता इस कदर रही कि पीएम मोदी ने स्वच्छता कर्मियों का पाद प्रक्षालन भी किया। यह भारत की विरासत है कि जिसने भी कार्य किया है, उसके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करें। महाकुम्भ-2025 में आस्था व आधुनिकता का संगम भी दिखाई देगा।

**भारत की विरासत के प्रति बोलने वालों को मिलती है धमकी-** सीएम ने इशारों में कांग्रेसियों व विपक्षी दलों पर प्रहार किया। बोले-जो लोग भारत का ठेका लेकर घूमते हैं और डिस्कवरी ऑफ इंडिया को भारत का सबसे प्राचीन ग्रंथ मानते हैं। सीएम ने कहा कि 9 नवंबर 2019को उच्चतम न्यायालय ने श्रीराम जन्मभूमि से संबंधित फैसला दिया, जिससे विवाद सर्वदा समाप्त हो गया पर वे लोग आज भी जज को धमकी देते हैं। यह वही लोग हैं, जो संविधान के नाम पर पाखंड कर रहे हैं। राज्यसभा के सभापति (उप राष्ट्रपति) के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर उनकी आवाज को दबाना चाहते हैं। सभापति ने कर्तव्यों के निर्वहन की बात की और कहा कि सदन चलना चाहिए। जनता से जुड़े मुद्दे सदन में रखे जाने चाहिए। इस पर इन लोगों (विपक्षियों) ने पक्षपात का आरोप लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव की नोटिस दी। निष्पक्ष चुनाव कराने के कारण चुनाव आयोग और सच कहने के कारण इलाहाबाद उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति को कटघरे में खड़ा किया गया। यह लोग उच्च सदन में महाभियोग का प्रस्ताव लेकर आ जाते हैं यानी सच बोलने और भारत की विरासत की चर्चा करने वाले हर व्यक्ति को यह लोग धौंस-धमकी दिखाएंगे।

### देश के संविधान का गला घोंटकर चोरी से सेक्युलर शब्द डालने वाले लोग घर में मना रहे शोक

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर नहीं बनता तो एयरपोर्ट, रेल की डबल लाइन, कनेक्टिविटी नहीं हो पाती। आमजन खुश है, श्रद्धालु कृतज्ञता ज्ञापित करता है, लेकिन देश के संविधान का गला घोंटकर इसमें चोरी से सेक्युलर शब्द डालने वाले लोग अपने घर में शोक मना रहे हैं। उन्हें काशी, अयोध्या के आध्यात्मिकता व विकास से परेशानी है। उन लोगों ने दशकों तक शासन किया, लेकिन कुछ कर नहीं पाए। अब अपने निकम्मेपन पर हम लोगों को कोस रहे हैं। अपनी कर्मण्यता का दोष हमारी सफलता को कोसकर दे रहे हैं। हमें इनकी मानसिकता को देखना होगा।

# विष्णु के 1 वर्षीय सु शासन में कानून व्यवस्था हुआ लाचार सीपीआई फूलसिंह कचलाम

♦भारत टाइम्स♦

**नारायणपुर।** जिले के ग्राम बागझर ग्राम के ग्रामीण मंगल कचलाम का देहांत दिनांक 09/12/2024 को अधिक नशा करने के उपरांत हुआ था, इसकी अंतिम संस्कार करने से कुछ ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया की उसकी पत्नी ईसाई धर्म पर आस्था रखती है इसे ग्राम में अंतिम संस्कार करने नही देंगे , इसकी शिकायत थाना क्षेत्र झारा के थाना प्रभारी को देने पर थाना प्रभारी शव को उठाकर जिला मुख्यालय के अस्पताल के फ्रीज में रखवा दिया , मृतक के भतीजा मंगल कछला म ने कलेक्टर और एसपी को आवेदन दिन्नाक 11/12/2024 को दिया की शव को दफन करने ग्राम में करना चाहता हु मुझे पुलिस सुरक्षा व्यवस्था चाइए।

इसके बाद भी कोई जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही नहीं करने पर हाई कोर्ट बिलासपुर में पिटीशन दाखिल किया गया दिनांक 13/12/2024 को हाई कोर्ट न्यायाधीश नरेश कुमार सूर्यवंशी ने आदेश पारित किया की सुरक्षा व्यवस्था के साथ अंतिम संस्कार ग्राम बागझर में किया जाय । दिनांक 14/12/2024 को लाश को जिला प्रशासन द्वारा 6 बजे साम ग्राम बागझर में लाया गया , दफन करने का गड्ढा में दफन करने नही दिया गया ग्रामीण द्वारा , दफन करने वाले लोगो एवम परिवार वालों को मार मार कर भगा दिया गया,सारे परिवार के लोग जंगल में भाग गए पुलिस ग्रामीण विरोध करने पर अंतिम संस्कार नही कर पाए इस तरह से शासन लो एंड ऑर्डर संतुलन बनाए रखने में सफल नहीं रही

# भोपाल में छेड़छाड़ से परेशान छात्रा ने सुसाइड किया, पिता बोले- पड़ोसी युवक ने की थी गंदी हरकत

**भोपाल।** के ईंटखेड़ी इलाके में रहने वाली 14 साल की 9वीं की छात्रा ने शुक्रवार को कीटनाशक दवा पी ली। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात हमीदिया हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पिता का कहना है कि बेटी के साथ गांव के युवक ने गंदी हरकत की थी। सुसाइड से पहले बेटी ने मां को पूरे मामले की जानकारी दी थी। मां के किसी को कुछ बताने से पहले ही लड़की ने जहर पी लिया। इधर, पुलिस ने



मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। रविवार दोपहर को पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिजन को सौंप दिया गया है। पुलिस का कहना है कि बयान लेने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**पिता बोले- छेड़छाड़ से आहत होकर जान दी-** छात्रा के पिता ने बताया कि शुक्रवार की सुबह बेटी स्कूल जाने के लिए हर रोज की तरह उठी थी। घर के पास ही टॉयलेट के लिए गई। उस समय करीब 7:45 बजे होंगे। बेटी लौट रही थी, तभी गांव के रहने वाले एक युवक ने उसे पकड़ लिया और गंदी हरकत की। घर लौटने के बाद बेटी ने अपनी मां को पूरा घटनाक्रम बताया।

**आरोपी के पिता ने ऑटो से अस्पताल पहुंचाया-** नाबालिग के पिता का कहना है कि उन्हें जानकारी नहीं थी कि बेटी ने जहरीला पदार्थ क्यों खाया है। चीख-पुकार सुनते ही आरोपी युवक के पिता और मां भी घर आ गए। उसकी मां बेहद घबराई हुई थीं। वह लगातार बोल रही थी कि यह मेरी बेटी जैसी है, इसे क्या हो गया। उन्होंने अपने पति को ऑटो लाने और अस्पताल पहुंचाने के लिए कहा था। दोनों पति-पत्नी मेरे साथ हॉस्पिटल तक आए।

# पांच हजार में बोर खनन का झांसा देकर ग्रामीणों को रैनू सलाम ने कई ग्रामीणों को की लाखों की ठगी

♦भारत टाइम्स♦

**नारायणपुर/छत्तीसगढ़। (गोलू मरकाम)।** सस्ते दर में बोर खनन का झांसा देकर जिले में लाखों की ठगी करने वाले रैनू सलाम निवासी रेमावन्ड का है।जो 06 शाल पहले भोले भाले ग्रामीणों को 5 हजार मे बोर खनन का झासा देकर आस-पास के कई ग्रमीणों से लाखो की ठगी का किया है। जब ग्रमीणों को 2 से 3 महिना बीत जाने के बाद काम हुआ नही तब पता चला की हम ठगी का शिकार हुये है।

इसी बीच ग्रामीण सुरज लाल साहू शंकर लाल साहू सुखधर साहू लच्छू राम साहू गोकुल राम साहू सुखदई साहू सोमनाथ मानिकपुरी



अहैलिया साहु हिरू साहू ने मीडिया का सहारा लेकर ठगी करने वाले रेमावंड निवासी रेनू राम सलाम के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया और मीडिया के सामने समस्त ग्रामीण अपनी समस्याएं व्यक्त कर शासन प्रशासन से न्याय की मांग रखी है जिससे रैनू सलाम के ऊपर कड़ी कार्रवाई करते हुए दिए हुए राशि को वापस दिलाने की बात कही दिए हुए राशि वापस न होने पर रैनू सलाम के नाम पर समस्त ग्रामीण न्यायालय तक का सफर तय करने को तैयार हैं।

# बलिया पुलिस का बड़ा धमाकाः शातिर लुटेरे गिरफ्तार, अवैध हथियार और नकदी बरामद

♦भारत टाइम्स♦

**(शीतल निर्भीक)। बलिया।** जिले की उभांव पुलिस ने लूटपाट की घटनाओं में शामिल दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर क्षेत्र में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की मिसाल पेश की है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर के निर्देशन में और अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा एवं क्षेत्राधिकारी रसड़ा फहीम कुरैशी के मार्गदर्शन में इस अभियान को अंजाम दिया गया।

14 नवंबर 2024 को थाना उभांव क्षेत्र में डंबल बाबा की परती और मलेरा बाराडीह रोड पर हुई



लूटपाट की घटनाओं से पूरे इलाके में दहशत फैल गई थी। अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए विशेष टीमें गठित कीं। 14 दिसंबर को नहर के पास छापा मारकर पुलिस टीम ने लाल बहादुर (55) और सूरज प्रकाश (25) को गिरफ्तार किया। इनके पास से दो अवैध तमंचे (.315 बोर), दो जिंदा कारतूस और लूट से संबंधित ?1760 नकद बरामद हुए। पूछताछ में अपराधियों ने लूट की वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। उन्होंने यह भी बताया कि वे अन्य गंभीर अपराधों की योजना बना रहे थे। दोनों अपराधियों का आपराधिक इतिहास चौंकाने वाला है। लाल बहादुर पर बलिया और मऊ जिलों में हत्या, डकैती और गिरोहबंदी जैसे 30 से अधिक मामले दर्ज हैं, जबकि सूरज प्रकाश पर हत्या के प्रयास और लूटपाट के 10 से अधिक मुकदमे हैं।

गिरफ्तारी की इस कार्रवाई में उभांव थाना प्रभारी विपिन सिंह, उपनिरीक्षक देवेंद्र कुमार, कांस्टेबल विपुल कुमार यादव, पंकज सिंह और सर्वजीत गुप्ता ने अपनी सूझबूझ और कड़ी मेहनत का परिचय दिया। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने पूरी टीम की प्रशंसा करते हुए इसे अपराध पर लगाम लगाने की दिशा में बड़ी सफलता करार दिया है। बलिया पुलिस की इस कार्रवाई से न केवल अपराधियों के हौसले पस्त हुए हैं, बल्कि आम जनता में सुरक्षा का भरोसा भी मजबूत हुआ है।

मुख्यमंत्री | राष्ट्र व भारत मां के चरणों में समर्पित था सरदार पटेल का पूरा जीवनः मुख्यमंत्री

# एक भारत-श्रेष्ठ भारत व सुरक्षित भारत की पृष्ठभूमि में सरदार पटेल की सोच, प्रयास व परिश्रमः योगी

♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल वर्तमान भारत के शिल्पी थे। उनका पूरा जीवन राष्ट्र व भारत मां के चरणों में समर्पित था। 1946 में देश के संविधान सभा का गठन हुआ। उसके प्रमुख सदस्य और स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री के रूप में सरदार पटेल ने न केवल देश के एकीकरण के वर्तमान अभियान को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं, बल्कि 563 से अधिक रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाया। आज जो भारत देख रहे हैं, यह सरदार पटेल की सूझबूझ का परिणाम है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत, सुरक्षित भारत की पृष्ठभूमि में सरदार पटेल की सोच, प्रयास व परिश्रम है। मुख्यमंत्री ने रविवार को भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शिरकत की। उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।



**सरदार पटेल की संकल्पनाओं को मूर्त रूप देने का चल रहा अभियान -** सीएम योगी ने कहा कि सरदार पटेल ने अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर देश की आजादी के आंदोलन को नई दिशा देने के लिए तत्कालीन नेतृत्व के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। गुजरात के आणंद के पास छोटे गांव में सामान्य किसान परिवार में उनका जन्म हुआ। प्रारंभिक शिक्षा भी मां के सानिध्य में घर पर संपन्न हुई। इंग्लैंड से लॉ की शिक्षा प्राप्त करने के बाद वे भारत आए। सरदार पटेल का देहावसान 15 दिसंबर 1950 को हो गया।

**देश के एकीकरण के लिए सरदार पटेल ने चलाया अभियान -** सीएम योगी ने कहाकि एक तरफ भारत मां के इस महान सपूत ने देश के एकीकरण के लिए अभियान को आगे बढ़ाया तो दूसरी तरफ गुलामी के कालखंड में जिन मानबिंदुओं का अपमान हुआ था, उनकी पुनर्स्थापना का भी कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न कराया। सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार को हाथों में लेकर सांस्कृतिक भारत की स्थापना का जो अभियान चलाया था, उसी का परिणाम है कि सरदार पटेल के प्रति श्रद्धा व कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

### अन्नदाता किसानों की समृद्धि व उत्थान के लिए भी सरदार पटेल ने चलाए जनजागरण के अनेक अभियान

*सीएम योगी ने कहा कि सरदार पटेल ने चंपारण आंदोलन, नमक सत्याग्रह, भारत छोड़ो आंदोलन समेत आजादी से जुड़े सभी महत्वपूर्ण आंदोलनों में भाग लिया। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्हें जेल की यातना भी झेलनी पड़ी थी। सरदार पटेल ने अन्नदाता किसानों की समृद्धि व उत्थान के लिए जनजागरण के अनेक अभियान भी चलाए। गुजरात में सहकारिता के मजबूत आंदोलन की पृष्ठभूमि में भी सरदार पटेल का विजन है। उन्होंने हर अन्नदाता किसान को समृद्धि की नई ऊंचाई तक पहुंचाया।*

# एमपी के आधे से ज्यादा जिले शीतलहर की चपेट में:बफीर्ली हवाओं से दिन में भी ठिठुरे लोग; अगले दो दिन भी कड़ाके की ठंड का अलर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में शीतलहर का दौर जारी है। रविवार को प्रदेश के आधे से ज्यादा जिलों में सर्द हवाएं चलीं। लोग दिन में भी ठिठुरते नजर आए। प्रदेश में अगले दो दिन भी कड़ाके की ठंड का अलर्ट है। IMD (मौसम विभाग) भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, उत्तर भारत से बफीर्ली हवा आ रही है, जो स्ट्रॉन्ग है। इस वजह से पूरा प्रदेश ठिठुर रहा है। अगले दो दिन ऐसा ही मौसम बना रहेगा।




### इस वजह से ठंड का असर तेज

पश्चिम-उत्तर भारत में 12.6 किमी की ऊंचाई पर 222 किमी प्रतिघंटा की गति से सब ट्रॉपिकल जेट स्ट्रीम हवाएं बह रही हैं। इस वजह से बफीर्ली हवाएं प्रदेश में आ रही हैं, जिससे टेम्प्रेचर लुढ़क गया है। शनिवार-रविवार की रात पचमढ़ी में पारा 1 डिग्री पर पहुंच गया था।

### प्रदेश के बड़े शहरों में भोपाल रहा ठंडा

पचमढ़ी से ठंडा भोपाल और ग्वालियर रहा। बड़े शहरों में भोपाल-ग्वालियर में दिन का पारा 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। इंदौर में 26.7 डिग्री, उज्जैन में 27.5 डिग्री और जबलपुर में 24.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं सीधी-मलाजखंड में टेम्प्रेचर 22.6 डिग्री रहा। नरसिंहपुर में 23 डिग्री, रायसेन में 23.6 डिग्री, पचमढ़ी में 24.7 डिग्री, दमोह-खजुराहो में 24.8 डिग्री और उमरिया में 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।